हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



जहां से शुरू हुआ सलवा जुडूम वहीं हमला...

- पिछले दो साल में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों का सबसे बड़ा हमला

शहीद जवान




## नक्सलियों ने ब्लास्ट कर उड़ाई गाड़ी

# नौ शहीद, पेड़ों पर जवानों के चिथड़े, गाड़ी के कलपुर्जे लटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बस्तर के अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सफल ऑपरेशन के बाद दंतेवाड़ा लौट रहे डीआरजी जवानों से भरी स्कॉर्पियो को नक्सलियों ने ब्लास्ट कर उड़ा दिया। जवान बीजापुर के बेदरे इलाके से इंद्रावती नदी पार कर दंतेवाड़ा लौट रहे थे। पांच नक्सलियों को ढेर कर लौट रहे जाबांज जवानों को कुटरु के अंबेली के पास नक्सलियों ने निशाना बनाया। ब्लास्ट इतना भयानक था कि सड़क में 7 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हो गया। मौके पर ही 8 जवान शहीद हो गए। घटना में ड्राइवर की भी मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि अंबेली से ही नक्सलियों के खिलाफ सलवा जुडूम की शुरुआत हुई थी। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही जवानों ने बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर के ▶▶|शेष पेज 4 पर

- ग्राउंड जीरो पर पहुंचा हरिभूमि, ब्लास्ट की जगह पर 7 फीट गहरा गड्ढा हुआ
- जवानों के अंग भंग गाड़ी कई हिस्सों में बंटी, हथियार टूटकर बिखर गए



### डीजीपी, एडीजी बीजापुर रवाना

रायपुर। बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय में अफसरों ने आनन-फानन में हाईलेवल बैठक कर घटना की जानकारी ली। साथ ही घटना कैसे हुई, इसके बारे में जानकारी ली। बैठक डीजीपी अशोक जुनेजा ने ली। बैठक में एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, आईजी नक्सल ऑपरेशन ओपी पॉल सहित अन्य अफसर उपस्थित रहे। बैठक के बाद डीजीपी तथा एडीजी नक्सल ऑपरेशन बीजापुर के लिए रवाना हुए। हाईलेवल बैठक में फोर्स की तैनाती के बाद की स्थिति पर मंथन किया गया। अफसरों ने घटना स्थल के पास फोर्स की किस तरह की तैनाती थी, जवान आ रहे थे तो उनके आने ▶▶|शेष पेज 4 पर

- पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक

### 50 किलो से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल

नक्सलियों ने वाहन को विस्फोट में उड़ाने के लिए 50 किलो से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। इसकी चपेट में आने से जहां जवानों के शव कई मीटर दूर क्षत विक्षत अवस्था में मिले। वहीं वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन के पार्टस व स्टेयरिंग आस पास के पेड़ों में 15 फीट ऊपर लटका मिला। इस दौरान सड़क पर 7 फीट गहरा गड्ढा हो गया जिसके आसपास की जमीन में मिट्टी दूर तक बिखरी नजर आ रही थी।

### बस्तर संभाग में आईईडी ब्लास्ट की बड़ी वारदातें

इस वर्ष 2025 की बात करें तो 3 जनवरी को डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान घायल तब हो गए जब बीजापुर में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से विस्फोट हुआ और वे उसकी चपेट में आ गए। इससे पूर्व 24 नवंबर 2024 को सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का आरक्षक घायल हो गया था।

### 2024 में कब-कब हुई मुठभेड़

- **5 सितंबर:** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर
- **3 सितंबर:** दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर 9 नक्सली ढेर, 13 घंटे चली मुठभेड़
- **29 अगस्त:** नारायणपुर-कांकेर बॉर्डर मुठभेड़, 3 महिला नक्सली ढेर
- **20 जुलाई:** सुकमा के जगरगुंडा इलाके में मुठभेड़, 1 नक्सली मारा गया
- **18 जुलाई:** दंतेवाड़ा में मुठभेड़, महिला नक्सली ढेर
- **17 जुलाई:** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, 12 नक्सली मारे गए
- **15 जून:** अबूझमाड़ में 8 नक्सली ढेर
- **10 मई:** बीजापुर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, 12 नक्सली ढेर
- **8 जून:** अबूझमाड़ के आमदई एरिया में 6 नक्सली मारे गए
- **23 मई:** अबूझमाड़ के रेकावाया में 8 नक्सली मारे गए
- **10 मई:** बीजापुर में 12 नक्सली ढेर
- **29 अप्रैल:** नारायणपुर में 10 नक्सली हुए थे ढेर
- **15 अप्रैल:** कांकेर में 29 नक्सलियों को मारा
- **5 अप्रैल:** दंतेवाड़ा में 1 नक्सली ढेर
- **2 अप्रैल:** बीजापुर के करचोली में 13 नक्सली मारे गए
- **जनवरी अप्रैल** छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 3 मुठभेड़ में 42 नक्सली मारे गए



*ऐसी तस्वीरें दिल दहलाने वाली हैं। इन तस्वीरों को सिर्फ यह बताने के लिए प्रकाशित किया जा रहा है कि नक्सली किस हद तक क्रूर हैं।*

### सबसे बड़ा हमला 2010 में हुआ

वहीं प्रदेश में सबसे बड़ा हमला 6 अप्रैल 2010 को माओवादियों ने किया था जिसमें पहले एंटी-लैंडमाइन वाहन को उड़ा दिया फिर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें 75 सीआरपीएफ के जवान और 1 डिस्ट्रीक्ट फोर्स का जवान शहीद हो गया था। यह हमला चिंतलनार थाना क्षेत्र के ताड़मेटला गांव के करीब नक्सलियों ने घात लगाकर किया था। वहीं 8 मई 201 को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बुलेट प्रूफ वाहन को आग लगा दिया था जिसमें सीआरपीएफ के 8 जवान शहीद हो गए थे।

### हमला निंदनीय

बीजापुर में सुरक्षा बलों पर नक्सली हमला निंदनीय है। हमारा देश नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- **द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

### व्यर्थ नहीं जाएगा बलिदान

देश से मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करेंगे। छत्तीसगढ़ में नक्सल हमले में मारे गए जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। बीजापुर में आईईडी विस्फोट में डीआरजी के जवानों के शहीद होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश

यह घटना दु:खद है। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं। विचलित होकर ऐसी निंदनीय और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।

- **विष्णु देव साय**, मुख्यमंत्री

### नक्सलियों की कायरता

यह कृत्य नक्सलियों की कायरता और लोकतंत्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। भारत मां के वीर सपूतों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई निर्णायक मोड़ तक जारी रहेगी।

- **विजय शर्मा**, उपमुख्यमंत्री

## खबर संक्षेप

### सीबीआई के 'भारतपोल' का शाह करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को सीबीआई द्वारा विकसित पोर्टल 'भारतपोल' की शुरुआत करेंगे। इससे राज्यों के पुलिस बल को इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पुलिस की मदद के लिए सूचना साझा करने की सुविधा मिलेगी।

### श्रमिक संगठनों ने मांगी 5000 रुपए पेंशन

**नई दिल्ली।** श्रमिक संगठनों ने बजट में ईपीएफओ के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन को पांच गुना करने की मांग की है। इसके साथ ही आठवें वेतन आयोग के गठन और सुपर रिच पर अधिक कर लगाने की मांग की।

# भाजपा के 19 और जिलाध्यक्षों का ऐलान डॉ. रमन और गृहमंत्री के इलाके में फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के संगठन चुनाव में सोमवार को 19 जिलाध्यक्षों का और ऐलान किया गया। ये सभी नए चेहरे हैं। बिलासपुर शहर की कमान दीपक सिंह ठाकुर, बस्तर की वेदप्रकाश पांडे को दी गई है। दो दिनों में 34 जिलों का चुनाव हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के राजनांदगांव जिले और गृहमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा जिले में पेंच फंस गया है। इन ▶▶|शेष पेज 4 पर

- पूर्व विधायक चंपादेवी पावले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जिलाध्यक्ष

### प्रदेश के 34 जिलों में से 33 में नए चेहरे, एक मात्र रायपुर ग्रामीण में ही पुराना अध्यक्ष रिपीट



**पहली बार चार महिला अध्यक्षः** छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार चार महिलाओं को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके पहले एक-दो जिलों में ही महिला अध्यक्ष रहती थीं। पिछली बार एक मात्र जिलाध्यक्ष महासमुंद में रूपकुमारी चौधरी थी। इस बार रविवार को हुए 15 जिलों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### किस जिले की कमान किसको मिली

- बेमेतरा-अजय साहू
- बिलासपुर शहर- दीपक सिंह ठाकुर
- बिलासपुर ग्रामीण- मोहित जैसवाल
- सरगुजा- भारत सिंह सिसोदिया
- मनेंद्रगढ़-चिरमिरी- श्रीमती चंपा देवी पावले
- कोरिया- देवेंद्र तिवारी
- कोंडागांव- सेवकराम नेताम
- खैरागढ़-डॉ. बिसेसर साहू
- धमतरी-प्रकाश बैस
- महासमुंद- येतराम साहू
- बलौदाबाजार-आनंद यादव
- सुकमा- धनीराम बारसे
- दंतेवाड़ा- संतोष गुप्ता
- नारायणपुर-श्रीमती संध्या पंवार

▶▶|शेष पेज 4 पर

## महाकुंभ की वेबसाइट पर अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से लॉगिन

# महाकुंभ की धमक विदेशों तक, 183 देशों से जुड़े 33 लाख श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/प्रयागराज

महाकुंभ की चर्चा देश ही नहीं, दुनियाभर में हो रही है। विदेशों के लोगों की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए लोग इंटरनेट पर विभिन्न वेबसाइट्स और पोर्टल के जरिए महाकुंभ के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। महाकुंभ वेबसाइट का अब तक 183 देशों में लोग अवलोकन चुके हैं। इन देशों के 6206 शहरों के 33 लाख से ज्यादा यूजर्स महाकुंभ वेबसाइट पर आकर तमाम जानकारी हासिल कर चुके हैं। खास बात यह है कि महाकुंभ की वेबसाइट सबसे ज्यादा लॉगिन भारत के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी आदि देशों में हो रहा है।

यूपी के सीएम योगी ने डिजिटल महाकुंभ के संकल्प को विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ की वेबसाइट https://kumbh.gov.in छह अक्टूबर 24 को लांच की थी। वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार 4 जनवरी तक 183 देशों के 33 लाख पांच हजार 667 यूजर्स ने इस वेबसाइट पर आकर महाकुंभ के बारे में जानकारी हासिल की।

### डिजिटल महाकुंभ

बता दें योगी सरकार महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ के रूप में प्रस्तुत कर रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई डिजिटल प्लेटफॉर्म्स बनाए गए हैं। इसी में महाकुंभ की आधिकारिक वेबसाइट भी है। इस वेबसाइट पर श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ से संबंधित तमाम जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं।



### हर रोज लाखों यूजर्स

भारत के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से सबसे ज्यादा लॉगिन हो रहा है। हर रोज लाखों यूजर्स वेबसाइट पर आ रहे हैं। महाकुंभ की वेबसाइट को हैंडल कर रही टेक्निकल टीम के प्रतिनिधि के अनुसार 4 जनवरी तक के डाटा के अनुसार अब तक 33 लाख 5 हजार 667 यूजर्स वेबसाइट पर आ चुके हैं।

**इसलिए जुड़ रहे लोग**

महाकुंभ वेबसाइट पर कुंभ से जुड़ी परंपराओं, कुंभ की महत्ता, आध्यात्मिक गुरुओं के साथ-साथ कुंभ पर किए गए अध्ययन की विस्तृत जानकारियां दी गई हैं। प्रमुख स्नान पर्व, क्या करें-क्या नहीं और कलाकृतियों को विस्तार से बताया गया है। इसके अतिरिक्त ट्रैवल और स्टे, गैलरी, क्या नया हो रहा है आदि जानकारी भी वेबसाइट में उपलब्ध है।




श्री सुरेंद्र कौशिक जी को
भाजपा दुर्ग जिला के अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
अजीत वैद्य (अजय)
पार्षद वार्ड क्र.12

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



रविवार को ऑक्शन में लगी खिलाड़ियों की बोली, टीम इंडिया के पूर्व स्टार खिलाड़ी होंगे शामिल

# रायपुर में लीजेंड-90 क्रिकेट लीग, क्रिस गेल, वार्नर, युवराज धवन लगाएंगे चौके-छक्के, सात देशों के खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लीजेन्ड 90 क्रिकेट लीग का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें टीम इंडिया के साथ इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज समेत अन्य देशों के लीजेंडरी खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। यह लीग मैच ⏭|शेष पेज 4 पर



**6 से 18 फरवरी तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा मैच**



ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना भाटिया देंगी प्रस्तुति





### छत्तीसगढ़ से खेलेंगे सुरेश रैना और अंबाती रायडू

ऑक्शन में विभिन्न टीमों ने अपने खिलाड़ियों को चुना है, जिसमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम में स्टार खिलाड़ी सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, अंबाती रायडू, पवन नेगी समेत अन्य खिलाड़ी शामिल हुए। इसके अलावा प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन लीग में किया गया, जिनमें विशाल कुशवाहा, अमित मिश्रा, कलीम खान, पंकज राव, जतिन ⏭|शेष पेज 4 पर





### ये स्टार खिलाड़ी आएंगे रायपुर

इस लीग मैच में पहली बार क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर, शिखर धवन, मैथ्यू वेड, मोइन अली, एरोन फिंच,थिसारा परेरा, रॉबीन उथ्थपा, दिनेश कार्तिक, शॉन मार्श, मार्टिन गप्टिल, केदार जाधव, बेन डंक तथा डेनियल किश्यचन को दर्शक क्रिकेट खेलते हुए देख सकेंगे। पहली बार राजधानी के स्टेडियम में क्रिकेट खेलेंगे। इसके साथ ही युवराज सिंह, सुरेश रैना समेत हरभजन सिंह भी टीम का हिस्सा रहेंगे।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

## मौत का 'ठेकेदार' हैदराबाद में मिला मुकेश को यातना देकर मारा गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के मास्टर माइंड सुरेश चंद्राकर को एसआईटी की टीम ने रविवार को देर रात हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। इससे पूर्व हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी के भाई व सुपरवाइजर समेत तीन को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी की रात लगभग 8.30 बजे लापता हो गए थे। उनके बड़े भाई युकेश चंद्राकर ने कोतवाली ⏭|शेष पेज 4 पर



- एसआईटी की टीम आरोपी को गिरफ्तार कर बीजापुर लाई
- एक जनवरी की रात आरोपियों ने यातनाएं देकर की थी पत्रकार की हत्या

### यातना देकर की गई थी हत्या

*प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट के मुताबिक मुकेश चन्द्राकर की हत्या काफी यातना देकर की गई थी। पीएम रिपोर्ट में लीवर के 4 टुकड़े, 5 पसलियां टूटी, सिर में 15 फ्रेक्चर, हार्ट फटा और गर्दन टूटी हुई मिली। डॉक्टरों ने कहा हमने 12 वर्ष के कैरियर में ऐसी हत्या नहीं देखी। 28 वर्षीय पत्रकार मुकेश चंद्राकर का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने पाया कि उनके लीवर के टुकड़े और पांच पसलियों को तोड़ा गया है। डॉक्टरों के अनुसार हत्या के आरोपियों की संख्या दो से अधिक रही होगी और काफी यातना देकर हत्या की गई होगी।*

### मोबाइल में बातचीत के बाद गया था पत्रकार

*एक जनवरी की रात करीब 8 बजे मृतक मुकेश चंद्राकर एवं आरोपी रितेश चंद्राकर के बीच मोबाइल पर बातचीत हुई थी। इसके बाद मुकेश चंद्राकर एवं आरोपी रितेश चंद्राकर बीजापुर में चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़े में पहुंचे तथा भोजन करने बैठे थे। इसी दौरान रितेश चंद्राकर और मुकेश चंद्राकर में बहस हो गई। रितेश चंद्राकर द्वारा सुनियोजित तरीके से बाड़े में मौजूद सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके के साथ मिलकर मुकेश चंद्रकार के सिर, छाती, पेट एवं पीठ पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को सेप्टिक टैक में डाल दिया गया एवं उसे स्लेब के ढक्कन से बंद कर दिया गया।*

कर्नाटक और तमिलनाडु में दो - दो और गुजरात में एक बच्चा संक्रमित

# एचएमपीवी वायरस के भारत में पांच केस, सरकार ने कहा-घबराएं नहीं

*चीन में फैल रहा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण भारत पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने कर्नाटक में तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के बच्चे में संक्रमण मिला है। इसके अलावा गुजरात में भी दो महीने के बच्चे में संक्रमण पाया गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि घबराएं नहीं, ये कोई नया वायरस नहीं, हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में सोमवार को पांच शिशुओं में 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई, जो भारत में इस वायरस से संक्रमण के पहले दर्ज मामले हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि वह श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। एचएमपीवी वैश्विक स्तर पर श्वसन संबंधी बीमारी पैदा करने वाला वायरस है। हाल में चीन में इसके प्रकोप की खबरों ने दुनिया का ध्यान खींचा। यह एक वायरल रोगजनक है जो सभी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारों ने आश्वस्त किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं दिल्ली सरकार ने राजधानी के सभी अस्पतालों को श्वसन संबंधी बीमारियों में ⏭|शेष पेज 4 पर

- कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल ने जारी किया अलर्ट

**6 जनवरी को पांच केस**

1. कर्नाटक में 8 महीने का बच्ची
2. कर्नाटक में तीन महीने का बच्चा
3. गुजरात में दो महीने का बच्चा



### नड्डा बोले- यह नया वायरस नहीं



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एकहा है कि घबराने की बात नहीं है। हम इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये कोई नया वायरस नहीं है। इसकी पहचान सबसे पहले 2001 में की गई थी। उन्होंने कहा कि हम तैयार हैं और सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### घबराएं नहीं, 23 साल से है यह वायरस

- *एचएमपीवी की खोज 2001 में हुई थी। यह पैरामिक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है।*
- *एचएमपीवी पहले से ही भारत सहित दुनिया के कई देशों में है।*
- *देश में इंफ्लूएंजा जैसी बीमारी के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई।*
- *आईसीएमआर एचएमपीवी संक्रमण के रुझानों पर नजर रखना जारी रखेगा।*
- *संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।*
- *इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है।*
- *यह संक्रमित व्यक्तियों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है।*

### इधर, नए वायरस की आशंका से हिला बाजार, 11 लाख करोड़ डूबे

इधर, घरेलू शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली से आई भारी गिरावट के बीच सोमवार को निवेशकों के 10.98 लाख करोड़ रुपए डूब गए। तिमाही नतीजों को लेकर आशंका गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के अलावा नए वायरस संक्रमण के फैलने से जुड़ी चिंताओं ने भी कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स 1,258.12 अंक यानी 1.59 प्रतिशत का गोता लगाते हुए 77,964.99 अंक पर बंद हुआ।



#### छोटी कंपनियों को बड़ा झटका

छोटी कंपनियों से जुड़े बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 3.17 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में भी 2.44 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

**बेंगलुरू में मृत पाया गया परिवार**

## बच्चों को दे दिया जहर फिर कर ली खुदकुशी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक इंजीनियर और उसकी पत्नी ने यहां अपने किराये के मकान में अपने दो नाबालिग बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अनूप कुमार (38), उनकी पत्नी राखी (35), उनकी पांच वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के रूप में की गई है। पुलिस को संदेह है कि दंपति ने पहले अपने बच्चों को जहर दिया और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



### आत्महत्या की वजह

पुलिस के अनुसार आत्महत्या के पीछे एक कारण वित्तीय लेनदेन बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अनूप कुमार ने किसी को व्यापार या जमीन के सौदे के लिए पैसे उधार दिए थे, लेकिन उनके साथ धोखाधड़ी हुई। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इस बारे में अपने भाई को एक ई-मेल लिखा है, जिसकी पुष्टि की जानी है।

## अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीजों में निकली पत्तियां

**बेंगलुरु।** इसरो ने सोमवार को कहा कि 'पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म' पर अंतरिक्ष में भेजे गए लोबिया के बीजों में अंकुरण के बाद पहली पत्तियां निकल आई हैं। इसरो ने कहा कि यह अंतरिक्ष आधारित पौध अनुसंधान में एक मील का पत्थर है। भारत की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र द्वारा विकसित 'कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज' एक स्वचालित मंच है।



## कनाडा के पीएम ट्रूडो ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ⏭ टोरंटो

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने नेतृत्व के प्रति बढ़ते असंतोष के मद्देनजर सोमवार को पद इस्तीफे की घोषणा की। पिछले साल के अंत में वित्त मंत्री के अचानक इस्तीफे से ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार के भीतर उथल-पुथल का संकेत मिला था। ट्रूडो ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि वे आंतरिक लड़ाइयों के कारण अगले चुनावों के दौरान वह नेता नहीं रह सकते। उन्होंने लिबरल पार्टी का नया नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री के रूप में बने रहने की योजना बनाई है। ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने नए नेता के चयन की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। ट्रूडो 2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री हैं। वह कंजर्वेटिव पार्टी के 10 साल के शासन के बाद सत्ता में आए थे और देश को उसके उदार अतीत की ओर वापस लाने के लिए उनकी सराहना की गई थी।



- पार्टी सांसदों के असंतोष के बाद छोड़ा पद

### उत्तराधिकारी मिलने तक पद पर रहेंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ट्रूडो प्रधानमंत्री के पद पर तब तक बने रहेंगे, जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुन लिया जाता। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर तक था। इस्तीफे के बाद अब जल्द चुनाव हो सकते हैं। वे नवंबर 2015 से देश के प्रधानमंत्री थे।

## सीयू के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यू ⏭ बिलासपुर

उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 जनवरी को छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। उप-राष्ट्रपति धनखड़ बिलासपुर में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। उप-राष्ट्रपति के आगमन को लेकर शासन-प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।



### पहली बार शामिल हो रहे उप राष्ट्रपति

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दसवें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई थीं। यह पहला अवसर है जब कोई उप-राष्ट्रपति गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हो रहे हैं।

## भाजपा की 9 को राजधानी में महापंचायत, नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में भाजपा की बड़ी महापंचायत (बैठक) 9 जनवरी को होगी। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्रिमंडल के सभी मंत्री, सारे विधायक, सांसद, प्रदेश भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारी, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आएंगे। कार्यक्रम में संगठन चुनाव के निपटने के बाद नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव पर ⏭|शेष पेज 4 पर

- सीएम, सभी मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी जुटेंगे

प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन भी आएंगे



### कौन-कौन होगा शामिल

संगठन की बड़ी बैठक में प्रदेश संगठन ने पूरी प्रदेश सरकार, सभी विधायक, पूर्व विधायक, सांसद पूर्व सांसद, प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारी, नगरीय निकायों और पंचायतों से जुड़े प्रमुख नेता, जन प्रतिनिधि, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष, महामंत्रियों को बुलाया गया है। सबके साथ रायशुमारी की जाएगी।



## चिंतन

# अभियानों में जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो

नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों की सुरक्षा का सुनिश्चितिकरण भी आवश्यक है। देश में करीब 57 वर्ष से नक्सल समस्या है। वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से व्यवस्था परिवर्तन की मांग के साथ शुरू नक्सल आंदोलन अस्सी के दशक आते-आते लक्ष्य से भटक गया और हिंसा, वसूली तक सीमित हो गया। आज देश में नक्सली आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। करीब चार दशक में सरकार ने सलवा जुडूम से लेकर अनेक ऑपरेशन चलाए, लेकिन नक्सलियों को खत्म करने में पूर्ण सफलता नहीं मिली है। गृह मंत्रालय के मुताबिक करीब छह हजार ही सक्रिय नक्सली हैं, लाल कोरिडोर भी चिन्हित है, इसमें 85 फीसदी में अब नक्सल प्रभाव नाम मात्र है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई तेज हुई है, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश आदि जगहों पर नक्सलियों का प्रभाव भी काफी कम हुआ है, लेकिन छत्तीसगढ़ इसका बड़ा केंद्र बना हुआ है। 2010 में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे। 2018 में यह घटकर 90 पर आया। 2021 में 70 और 2024 में 38 पर पहुंच गया। वर्तमान में सिर्फ 38 जिले ऐसे हैं, जहां नक्सल का वजूद बच गया है। नक्सली वारदात में भी कमी आई है। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल के मुताबिक 2014-19 के मुकाबले 2019-24 में नक्सल वारदातों की संख्या में कमी आई। 2014 से 2019 के बीच 1028 नक्सली घटनाएं हुई थी, जो 2019-24 में 643 है। वर्ष 2022 और 2023 में सबसे कम 107 और 113 नक्सल वारदात की घटनाएं हुई थीं। यूं तो केवल बंदूक के बल पर किसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। नक्सलियों के खिलाफ भी अनेक स्तर पर उपाय करने की आवश्यकता है। सुरक्षा ऑपरेशन के साथ-साथ इसके हथियार समेत धन की स्पलाई चेन को काटने की भी जरूरत है, साथ ही वार्ता का फोरम भी खुला रखना चाहिए। नक्सलवादियों को भी हिंसा का मार्ग छोड़ देना चाहिए। मौजूद सरकार वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित है, इसी के मद्देनजर सरकार सघन सुरक्षा अभियान नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चला रही है। सुरक्षा बलों के अभियान में दो दिन पहले ही चार नक्सली मारे गए थे, उससे बौखलाए नक्सलियों ने जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों को भीषण विस्फोट से निशाना बनाया, जिसमें आठ जवान शहीद हो गए। पिछले दो वर्षों में राज्य में सुरक्षा बलों पर नक्सलियों का यह सबसे बड़ा हमला है। अप्रैल 2010 में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सली हमले में 76 जवान शहीद हो गए थे। तब से न सुरक्षा बलों की कार्रवाई रुकी है, न ही नक्सली हमले बंद हुए हैं। वर्ष 2013, 2014, 2017, 2020, 2021, 2023 में बड़े नक्सली हमले हुए, जिनमें बड़े पैमाने पर जवान शहीद हुए। सुरक्षा एक्शन में नक्सलियों के 14 बड़े लीडर मारे जा चुके हैं, पिछले 10 वर्ष में 866 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। केंद्र के मुताबिक पिछले साल ही 231 नक्सली मारे गए हैं। 2024 के अक्टूबर तक 736 नक्सलियों ने सरेंडर किया था, जबकि 800 से ज्यादा नक्सली पकड़े गए थे। इसके बाद भी अगर वे हमले को अंजाम देने में सक्षम हैं, तो बीजापुर में ताजा हमला सुरक्षा ऑपरेशन में चूक का नतीजा माना जा सकता है। खुफिया नेटवर्क की भी विफलता है। नए वर्ष की शुरूआत में ही दुस्साहसी नक्सल हमला नक्सलमुक्त अभियान के आखिरी दौर की तैयारी में लूपहोल को उजागर करता है।

# विकास व शांति का रोडमैप ज़रूरी



विजन
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

इस सदी के 25 वर्ष गुजरने जा रहे हैं। चुनौतियां बढ़ेंगी। घटने वाली नहीं हैं। हिंसा के रूप बदल सकते हैं, लेकिन हिंसा बढ़ेगी, घटेगी नहीं। इसे नकारात्मक रूप से यदि हम अपने मन में बैठा लेंगे तो स्थितियां सामान्य भी नहीं होने वाली हैं बल्कि हमारे सामर्थ्य घटेंगे। हमने नए वर्ष का स्वागत कर लिया। नए उल्लास के साथ सबके मंगल की कामना करें, जो कि भारतीय रीति भी है लेकिन हमारा अब दायित्व यह आ गया है कि वर्ष 2025 में वर्ष 2100 वाली पीढ़ी के लिए अहिंसक, निर्भय, अर्थवान, प्रज्ञाशील व शांति से युक्त रोडमैप तैयार करें जिससे साभ्यातिक श्रेष्ठता आज हमें जतानी जो पड़ रही है, वह वह स्वत: सिद्ध हो।

इक्कीसवीं सदी के 25वें वर्ष का पड़ाव आ गया। जब 21वीं सदी में हम प्रवेश कर रहे थे तो हम पृथ्वी के लोग बहुत से ऐसे हिंसक चुनौतियों के दौर से गुजर रहे थे जिस पर हमारी आज की चिंताएं मामूली लगती हैं। असाध्य जैसा जो था, उसे कतिपय कारणों से हमने कम करने की कोशिश की, लेकिन 2030 के सतत विकास का लक्ष्य भी कोई भी देश पूर्णतया नहीं हासिल कर सका, यह सच्चाई है। इस सदी के 25 वर्ष गुजरने जा रहे हैं। चुनौतियां बढ़ेंगी। घटने वाली नहीं हैं। हिंसा के रूप बदल सकते हैं, लेकिन हिंसा बढ़ेगी, घटेगी नहीं। इसे नकारात्मक रूप से यदि हम अपने मन में बैठा लेंगे तो स्थितियां सामान्य भी नहीं होने वाली हैं बल्कि हमारे सामर्थ्य घटेंगे।

जैसा कि सम्पूर्ण विश्व आज आकलन कर रह है कि हमारे पृथ्वी के खतरे बढ़े हैं। तापमान बढ़ा है। समुद्र खौल रहे हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। यह प्रकृति का रूठना हमारे लिए भारी पड़ने वाला है। अब इसके कारणों में यदि जाकर विश्लेषण करें तो हमारे अपने क्रिया-कलाप ही इसके जिम्मेदार माने जाएंगे, कोई दूसरा इसके लिए दोषी नहीं कहा जाएगा। अपने सामर्थ्य से अधिक चुनौतियों का सामना करने की हम पृथ्वी के लोग हुंकार भरते रहते हैं, यह किसी समस्या का अंत करने वाला नहीं है। समस्या का अंत तो एक्शन से होने वाला है। एक्शन हमारे जीरो हैं। बातें बड़ी-बड़ी हैं। किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को यह चिंता असहज कर सकती है, लेकिन असहज प्रकृति और पृथ्वी बनाने वाले शायद जब सोचना शुरू करेंगे तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। हमारी अधुनातन संस्कृति हमें भोग और विलासिता की दासी बन चुकी है। हमारी इच्छाओं ने हमें अपना दास बना दिया है। हमारे मूल्यों का पतन इस प्रकार हुआ है कि हमने सही दिशा में सोचना-समझना बंद कर दिया है। व्यक्ति-व्यक्ति से दूर हो चुका है। राष्ट्रों के बीच जो संधियां हैं वे केवल स्वार्थों में लिपटी हैं। वे सहयोग भाव से किसी राष्ट्र से नहीं जुड़े हैं। वे तो अपनी मार्केट एक्जिस्टेन्स के हिसाब से जुड़े हुए हैं। यह जो मार्केट है, यह हिंसा की जड़ है। द्वेष बढ़ाने का जरिया हैं, कोई माने या न माने। यह मार्केट पूरी पृथ्वी की सांस्कृतिक विरासत को चोट पहुंचाने जा रही है। इस सदी का देखते-देखते एक चौथाई वक्त बीत गया है। मार्केट मोड भी अब बदल रहे हैं। छोटे-छोटे विज्ञापनों से आदिवासी लोगों की मनोभावनाओं पर वर्चस्व की राजनीति 2000 के बाद ज्यादा तेज हो गई थी भारत समेत दुनिया की उस आबादी तक जहां टेलीविजन ने अपने पांव पसार लिए थे, लेकिन यह तो छोटे व्यापार की कड़ी इससे तैयार हो रही थी। अब जब दुनिया में मार्केट मोड बड़े हथियारों को बेचने में लगे हैं। ग्रीनबेल्ट के ठेके हो रहे हैं और संसाधनों पर तेजी से कब्जा करने की संस्कृति डिप्लोमेटिक तरीके से सेंध लगा रही है, तो सोचिए हिंसा का अनुपात किस प्रकार नए मोड में नया विस्तार पकड़ेगा? वर्चस्ववादी संस्कृति की हिंसा कुटिल भी होती है और जटिल भी होती है। वर्चस्ववादी संस्कृति का मनोविज्ञान बहुत ही क्रूर होता है। क्रूरता ही तो हिंसा है। इसमें फिर संदेह कहां रह जाता है कि हिंसा से मुक्त एक नया संसार भी इनसे बसेगा? मार्केट के माध्यम से



हिंसा की यह खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। तीसरी दुनिया के लोग इससे सतर्क हो जाएं। पुनरोद्धार के नाम पर, परिवर्तन के नाम पर, नई बीमारियों के आड़ में या फिर नए विमर्श के साथ वर्चस्व की राजनीति की जाती है। वर्चस्ववादी देशों के माध्यम से वर्चस्ववादी कॉर्पोरेट के लोग बहुत ही आहिस्ता से अपना कदम रखते हैं और अपनी तरह की हिंसा का उत्खनन और उत्पादन करके अपनी लूट शुरू करते हैं। इसके लिए बड़े पैमाने पर एग्रीमेंट होते हैं। पर्यावरण के बचाव के लिए कॉर्पोरेट सहयोग की वकालत पिछले दिनों हुई थी। उसके सहारे कॉर्पोरेट के दूसरे एग्रीमेंट भी हुए हैं। वे अपने लिए विस्तार के माध्यम चुनते हैं और राज्यों के साथ जो समझौते करते हैं, उस समझौते के पीछे उनके हेतु जो जुड़े होते हैं, वे हानिकारक होते हैं। आमजन उसे बिल्कुल नहीं समझता, क्योंकि उसके लिए एग्रीमेंट कौनसा और कैसा हो रहा है, वह एक अबूझ पहेली होती है। संसाधनों का दोहन फिर शुरू हो जाता है। गरीबी और भुखमरी की ज्यादातर जटिल समस्याओं के पीछे ये कॉर्पोरेट जगत के लोग हैं। हिंसा के मार्केट ने धीरे से अपना पांव जमाया। किसी को पता भी नहीं चला। यह होता है मंथर चाल से कब्जे की संस्कृति का चरित्र। इस प्रकार के बदलते हिंसा के स्वरूप जिस प्रकार से बढ़े हैं, बिल्कुल चौंकाने वाले हैं। अफ्रीकी देशों में इसके असर बड़े पैमाने पर देखने को मिले हैं। उदारवाद ने हिंसा को ज्यादा उगने, फलने-फूलने और विस्तारित होने दिया। 2025 इस सदी का निर्णायक वर्ष होना चाहिए जब उदारवाद को नए तरीके से पारिभाषित किया जाए, नहीं तो हिंसा के व्याकरण आने वाले समय में समझने में आसानी नहीं होगी। अहिंसा की इच्छा फिर एक इच्छा रह जाएगी। 2025 इस सदी का वह समय है जब हम अपने वर्ष 2100 के समय की पीढ़ी के इतिहास, भूगोल, संस्कृति और उनके भाग्य के लिए अपना विजन प्लान तैयार करेंगे। इसे यूं ही निकलने देने से एक बड़ा नुकसान आने वाली पीढ़ी के लिए होने वाला है, जिसका शायद आज हम अंदाज़ा नहीं लगा पा रहे हैं। पृथ्वी के लोगों के मन, मस्तिष्क, जीवन-आचरण की भौतिक व आध्यात्मिक शक्ति का निरूपण वर्ष है 2025। इस पड़ाव पर अपने हेतु यदि सही हुए तो एक बर्बर व जटिल समाज से निकलकर हम नए सहिष्णु व शांतिप्रिय समाज का निर्माण कर सकेंगे। शायद यही समाज हिंसक समाज के बरक्स अहिंसक समाज की परिभाषा बने। जल, जंगल, जलवायु, कृषि, विज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति, अध्यात्म और अनेक विषद विषयों पर नई सोच के लिए एक नई उर्वर जमीन तैयार करना कोई आसान बात नहीं है। राज्यों का क्या है। सत्तासुख में सिमटी सरकारें अपने समय का सच्चा लाभ लेकर किनारे होने के लिए तैयार हैं। वे इन विषयों में आमूलचूल परिवर्तन के लिए कोई कदम उठाने के लिए तैयार बिल्कुल नहीं हैं। राज्यों की विवशता कॉर्पोरेट घराने हैं जो विकास के नए पैमाने तय करके और चमकदार भविष्य के सपने दिखाकर अपना काम बना लेते हैं।

उलझे हुए संघर्ष, संगठित अपराध, शहरी और घरेलू हिंसा, हिंसक उग्रवाद, नई तकनीकें व एआईजनित हिंसा, परमाणु ख़तरे के मामले तेजी से हमारे लिए चुनौती बन रहे हैं। संघर्ष और हिंसा की प्रकृति में व्यापक बदलाव आया है। संघर्ष यदि कम घातक होते नज़र आ रहे हैं तो अक्सर राज्यों के बजाय घरेलू समूहों के बीच के संघर्ष हमारी नींद उड़ने वाले होते हैं। हमने नए वर्ष का स्वागत कर लिया। नए उल्लास के साथ सबके मंगल की कामना करें, जो कि भारतीय रीति भी है लेकिन हमारा अब दायित्व यह आ गया है कि वर्ष 2025 में वर्ष 2100 वाली पीढ़ी के लिए अहिंसक, निर्भय, अर्थवान, प्रज्ञाशील व शांति से युक्त रोडमैप तैयार करें जिससे साभ्यातिक श्रेष्ठता आज हमें जतानी जो पड़ रही है, वह जतानी न पड़े बल्कि वह स्वतः सिद्ध हो।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर की दूरी पर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर स्थित, चिन्मय गणाधीश मंदिर पूरी दुनिया में हिंदू भगवान गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। 24 फीट के आधार पर रखी गई यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया था।

## जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

## सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
प्रेरणा

sएक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई। जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था। जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया। जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी। लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। जबकि इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था। लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएँ ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है। इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## रूफटॉप सोलर
देबांजन बागुई



# ऊर्जा आत्मनिर्भर बनते भारतीय घर

मौसम कोई भी हो, लेकिन घरों को आरामदायक बनाने के लिए बिजली की जरूरत रहती है। बिजली की इस बढ़ती मांग को पूरा करने और लोगों को बढ़ते बिजली बिल से राहत दिलाने में रूफटॉप सोलर एक मददगार विकल्प बन सकता है। यह भारतीय घरों को ऊर्जा आत्मनिर्भर भी बना सकता है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंडवॉटर के रिसर्च के अनुसार, भारतीय घरों में लगभग 100 गीगावॉट रूफटॉप सोलर क्षमता मौजूद है। रूफटॉपसोलर, एक सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम है, जो छत या परिसर में खुली जगह पर लगाया जाता है।एक किलोवॉट क्षमता के रूफटॉप सोलर सिस्टम से प्रतिदिन चार से पांच यूनिट बिजली पैदा हो सकती है। इतनी बिजली से एक फ्रिज लगातार चल सकता है, जबकि एक से दो पंखे आठ घंटे तक, एक टीवी व एक लैपटॉप चार-चार घंटे तक और 2-3 एलईडी लाइट आठ घंटे तक चल सकते हैं। केंद्र सरकार पीएम सूर्यघर योजना के जरिए घरों और आवासीय सोसायटियों को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए वित्तीय सहायता दे रही है। दो किलोवाट तक के रुफटॉफ सोलर के लिए प्रतिकिलो वाट 30,000 रुपये और 2-3 किलोवाट तक के लिए प्रति किलोवाट 18,000 रुपये प्रत्यक्ष सब्सिडी मिलती है। इससे ज्यादा क्षमता के सिस्टम पर कुल सब्सिडी 78,000 रुपये तक सीमित है। पीएम सूर्यघर योजना के तहत लगे रूफटॉप सोलर सिस्टम के साथ पांच साल तक निशुल्क संचालन व रखरखाव शामिल होता है। रूफटॉप सोलर उपभोक्ता को स्वच्छ बिजली बनाने और देश के एनर्जी ट्रांजिशन में शामिल होने के साथ-साथ आय का भी मौका देता है। लगभग 20 राज्यों में यह सुविधा है कि रूफटॉप सोलर से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) को बेचा जा सकता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत 100 यूनिट है और उसका एक किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर 120 यूनिट बिजली पैदा करता है तो वह अपनी जरूरत पूरी करने के बाद बची 20 यूनिट बिजली को डिस्कॉम को बेच सकता है। ध्यान देने वाली बात है कि रूफटॉप सोलर सिस्टम के साथ दो तरह के मीटर-नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग - लगते हैं। नेट मीटरिंग में सोलर रूफटॉप से उत्पादित जो अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जाती है, उसे ग्रिड से घर में इस्तेमाल की गई कुल बिजली में से घटा दिया जाता है। अगर कोई उपभोक्ता अपने रूफटॉप सोलर से घरेलू खर्च से ज्यादा बिजली पैदा करता है, तो अतिरिक्त बिजली यूनिट उसके खाते में जमा हो जाती है। कुछ राज्यों में डिस्कॉम इसके लिए ग्राहकों को भुगतान भी कर सकते हैं। हालांकि, इसकी राज्यवार दरें अलग-अलग हैं। ग्रॉस मीटरिंग में रूफटॉप सोलर से उत्पादित कुल बिजली ग्रिड में चली जाती है, जिसका ग्राहक को एक निर्धारित दर से भुगतान होता है। अब ग्राहक ग्रिड से जो बिजली इस्तेमाल करता है, वह उसके लिए अलग से भुगतान करता है। हालांकि, ग्रिड में भेजी गई और ग्रिड से ली गई बिजली की दरें अलग-अलग होती हैं। रूफटॉप सोलर की स्थापना में तेजी लाने के लिए, सबसे पहले सभी राज्यों में नेट मीटरिंग सिस्टम को आसान बनाने की जरूरत है। सभी राज्यों में अच्छे गुणवत्ता वाले वेंडर्स की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। रूफटॉप सोलर लगाने के लिए ग्राहकों को ध्यान रखना चाहिए कि 1 किलोवाट के सोलर सिस्टम के लिए लगभग 100 वर्गफीट जगह की जरूरत होती है। सब्सिडी लेने के लिए बिजली कनेक्शन, बैंक खाता, बिजली बिल व आईडी प्रूफ में नाम एक समान और सोलर पैनल भारत में बने होने चाहिए।

(लेखक सीईईडब्ल्यू में रिसर्च एनालिस्ट हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## महाकुंभ



*श्री तपोनिधि आनंद अखाड़ा पंचायती के साधु सोमवार को प्रयागराज में संगम की ओर महाकुंभ मेला 2025 में शाही प्रवेश जुलूस के साथ प्रवेश करते हुए।*

## आज की पाती

### एचएमपीवी वायरस, पहले से सतर्कता जरूरी

जैसा कि चिकित्सक, वैज्ञानिक और अन्य संबंधित विशेषज्ञ बता रहे हैं कि चीन के नए हानिकारक वायरस से बचने के लिए हमें अभी से ही शत-प्रतिशत तैयार रहना चाहिए। इस वायरस से बचने के लिए उन सभी तरीकों को अपनाना है, जो कोरोना वायरस से बचने और इलाज करने के लिए अपनाए गए थे। देश के सभी नागरिकों सहित, भारत सरकार व सभी राज्यों की सरकारों को भी तुरंत ही सचेत और सावधान हो जाना चाहिए है। चिकित्सिकों और वैज्ञानिकों के वक्तव्य से प्रतीत होता है कि 'एचएमपीवी' की प्रकृति व क्षमता के बारे में बहुत कुछ जाना जा चुका है, तो इस वायरस की रोकथाम और पूर्ण इलाज के लिए शीघ्र कोई विशेष असरकारक नई दवा भी बन ही जानी चाहिए।

*- मोहन यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# यूरोप में कारपोरेट बोर्डरूम से महिलाएं हुई नदारद



हाल ही में जारी अनूठे आंकड़े पूरे यूरोप में कॉर्पोरेट बोर्डरूम में महिलाओं की व्यापक अनुपस्थिति बताते हैं। कार्यबल में बड़ी हिस्सेदारी होने के बावजूद, यूरोप भर में कॉर्पोरेट बोर्डरूम में महिलाएँ अल्पसंख्यक बनी हुई हैं। इस मुद्दे ने दुनिया भर में आधी आबादी को लेकर बहस को जन्म दिया है और कई देशों को कंपनियों के लिए लैंगिक कोटा अनिवार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के लिए, नॉर्वे में, बड़ी और मध्यम फर्मों को यह गारंटी देना अनिवार्य है कि बोर्ड के सदस्यों में कम से कम 40 प्रतिशत महिलाएँ और पुरुष दोनों हों। एक ओर जहां सार्वजनिक (सूचीबद्ध) कंपनियाँ अक्सर अपने बोर्ड के सदस्यों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट देती हैं, वहीं निजी (गैर-सूचीबद्ध) कंपनियों के लिए डेटा प्राप्त करना बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है। फिर भी निजी कंपनियों में विविधता की तस्वीर को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि वे अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा हिस्सा हैं और अक्सर किसी भी कोटा या रिपोर्टिंग कानून के दायरे से बाहर होती हैं।

## ऑफ बीट

# शांत लोग भी गाड़ी चलाते समय गुस्सा हो सकते हैं



अगर कोई हमें फुटपाथ पर या मॉल में टक्कर मार देता है, तो हम आम तौर पर उसे माफ कर देते हैं, या उससे माफ़ी मांग लेते हैं या एक तरफ हट जाते हैं। तब हम उस पर चीखते-चिल्लाते नहीं, उसका पीछा नहीं करते, या उस पर हमला नहीं करते हैं। लेकिन कार में बैठते ही सब कुछ बदल जाएगा। रोज़मर्रा की ज़िंदगी में शांत दिखने वाले लोग आपा खो बैठते हैं, हॉर्न बजाने लगते हैं, या दूसरों पर चिल्लाने लगते हैं और कभी-कभी अजनबियों के पीछे भागने लगते हैं। काम या घर पर होने वाली समस्याएँ अचानक दूसरों पर गुस्से के रूप में फूट सकती हैं। 'रोड रेज' दुर्घटना का जोखिम बढ़ाता है। 'रोड रेज' की घटनाओं के शिकार लोगों के साथ अक्सर कार में बच्चे भी होते हैं। ड्राइविंग हमारे अंदर की बुराइयों को क्यों सामने लाती है? और सबसे महत्वपूर्ण बात, हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? 'रोड रेज' आम बात है :हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया में सड़क पर रोष आम बात है। सितंबर 2024 में, बीमाकर्ता 'एनआरएमए' के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया में सड़क पर रोष आम बात है।

## ट्रेंड

### देश की छवि बदली



बीते 10 वर्षों में रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर में आए बड़े बदलाव से जहां देश की छवि बदली है। आज जिस नए जम्मू रेलवे डिवीजन का लोकार्पण हुआ है, उसका लाभ जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और पंजाब के कई शहरों को भी होने वाला है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### तत्काल जलवायु कार्रवाई हो



डिग्री का प्रत्येक अंश मायने रखता है। हर दिन मायने रखता है। वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करना अभी भी संभव है। 2025 में, देशों को साहसिक, ठोस और तत्काल जलवायु कार्रवाई करनी होगी।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### कुछ दिन पहले बोला था



मैंने कुछ दिन पहले बोला था कि दिल्ली सीएम आतिशी को गिरफ्तार किया जाएगा और "आप" के कुछ नेताओं पर रेड होगी। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई रेड होगी। बीजेपी दिल्ली चुनाव हार रही है। ये गिरफ्तारियां और रेड उनकी बौखलाहट का नतीजा है।

**-अरविंद केजरीवाल, आप संयोजक**

### हर काम का कारण



जीवन में सब कुछ एक कारण से होता है-आपकी खुशियां, आपके संघर्ष, आपके लाभ, आपके नुकसान। लोग आते हैं और चले जाते हैं। विकास यादृच्छिक नहीं है; यह एक बड़े डिज़ाइन का हिस्सा है। आपका जीवन सिर्फ आपके लिए खूबसूरती से गढ़ी कहानी है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



संतों ने किया महाकुंभ में प्रवेश

# आनंद अखाड़े की भव्य पेशवाई, हाथी-घोड़े पर आए नागा साधु

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के लिए सोमवार को तपोनिधि श्री पंचायती आनंद अखाड़े की पेशवाई निकली। एक हजार से ज्यादा साधु-संत हाथी, घोड़े, ऊंट और रथ पर सवार होकर निकले। ढोल नगाड़े, शंखनाद और पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। संतों के बीच नरमुंड की माला पहले नर-पिशाच के रूप में कलाकारों ने करतब दिखाए। कलाकारों ने त्रिनेत्र से आग के गोले छोड़े। यह नजारा देख लोग दंग हो गए। नरमुंड की माला पहनकर शिव बराती बने कलाकारों ने जमकर तांडव किया। अखाड़े के श्रीमहंत शंकरानंद सरस्वती ने बताया- यह पेशवाई बाघंबरी मठ के पास स्थित आनंद अखाड़ा परिसर से निकाली गई। अखाड़े में सबसे आगे धर्मध्वजा चली, जिस पर भगवान सूर्यदेव स्थापित हैं। इसके पीछे सिंहासन पर अखाड़े के ईष्ट भगवान सूर्य नारायण सवार थे। इसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महराज का रथ था। इसके बाद पीछे महामंडेलश्वर चले। दारागंज के माध्यम से अखाड़े ने मेले में प्रवेश किया। आनंद अखाड़ा सूर्यनारायण, सूर्य देव को अपने इष्ट देवता के रूप में पूजता है।

### खास बातें

- इस अखाड़े को कहा जाता है निरंजनी अखाड़े का छोटा भाई
- 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन



**नरमुंड पहनकर किया शिव तांडव :** पेशवाई में कलाकारों ने नरमुंड पहनकर शिव तांडव किया तो लोग झूम उठे और जय घोष के नारे लगाने लगे। शोभा यात्रा में नागा सन्यासी हाथों में त्रिशूल और गदा लेकर चल रहे हैं। उनके लिए 15 घोड़े और 2 हाथी भी मंगाए गए है। इस दौरान हाथी, घोड़े और ऊंट पर सवार अखाड़े के नागा संत शरीर पर अस्त्र-शस्त्र लहराते दिखे। कई साधुओं के हाथ में सनातन धर्म का पताका भी था। पेशवाई में देश के कोने-कोने से साधु और संत आए है। यह अखाड़ा हिंदू धर्मग्रंथों, योग, ध्यान और मार्शल आर्ट सिखाने वाले शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के लिए भी जाना जाता है।

### 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

प्रयागराज में आध्यात्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल है, क्योंकि बहुप्रतीक्षित महाकुंभ मेला नजदीक आ रहा है। कई प्रमुख अखाड़ों के संत पहले ही शिविर स्थल पर पहुंच चुके हैं, जिनमें निरंजनी अखाड़ा, आह्वान अखाड़ा, अटल अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा और जूना अखाड़ा शामिल हैं, जो संन्यासी परंपरा का सबसे बड़ा अखाड़ा है। महाकुंभ 12 साल बाद मनाया जा रहा है और इस आयोजन में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

### अखाड़ों के छावनी नगर प्रवेश की तिथि

- पौष शुक्ल द्वितीया (1 जनवरी 2025)– श्री शंभु पंचायती अटल अखाड़ा
- पौष शुक्ल षष्ठी (5 जनवरी 2025) – श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा
- पौष शुक्ल षष्ठी (5 जनवरी 2025) – श्री शंभु पंच निर्मोही अनी अखाड़ा
- पौष शुक्ल सप्तमी (6 जनवरी 2025) – श्री तपोनिधि आनंद अखाड़ा
- पौष शुक्ल एकादशी (10 जनवरी 2025) – श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन
- पौष शुक्ल द्वादशी (11 जनवरी 2025) – श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल
- पौष शुक्ल त्रयोदशी (12 जनवरी 2025) – श्री शंभु पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन

## दिल्ली : खराब मौसम के कारण 400 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के बीच कम दृश्यता के कारण सोमवार को 400 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। एक अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे पर किसी भी उड़ान का मार्ग परिवर्तित नहीं किया गया। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने शाम चार बजकर 53 मिनट पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता की स्थिति अब भी बनी हुई है। हालांकि, उड़ान परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। पोस्ट में कहा गया, ''यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित विमानन से संपर्क करें। सोमवार को 400 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। स्पाइसजेट ने शाम पांच बजकर 56 बजे सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली, अमृतसर, जम्मू , श्रीनगर, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, दरभंगा और पटना में अपेक्षित खराब मौसम (खराब दृश्यता) के कारण सात जनवरी को सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं।

*भाजपा नेता ने दिया था पिता बदलने वाला बयान*

# रो पड़ीं मुख्यमंत्री आतिशी, बोलीं- बिधूड़ी ने मेरे पिता को गाली दी

*दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रो पड़ीं। जब बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ने उन पर निजी तौर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पिता को बदल दिया है। बिधूड़ी के बयान पर पलटवार करते हुए आतिशी ने कहा, मैं रमेश बिधूड़ी को बताना चाहती हूं कि मेरे पिता जीवन भर शिक्षक रहे हैं। उन्होंने गरीब और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों के हजारों बच्चों को पढ़ाया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतिशी ने आगे कहा, 'आज मेरे पिता 80 वर्ष के हैं और नाजुक स्वास्थ्य-वह बिना मदद के चल भी नहीं सकते। उन्होंने एक बुजुर्ग व्यक्ति के लिए ऐसी बात की है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस देश में राजनीति इतनी गिर सकती है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बिधूड़ी ने आतिशी पर राजनीतिक लाभ के लिए अपनी पहचान बदलने का आरोप लगाया।

**दिल्ली की सियासत में आया उबाल**

अगले माह होने वाले हैं राज्य में विधानसभा चुनाव



### यह कहा था बिधूड़ी ने

अपने भाषण के दौरान, बिधूड़ी ने आरोप लगाया, 'आतिशी, जो मार्लेना थीं, अब सिंह हैं। उन्होंने अपने पिता तक को बदल दिया है। यह आम आदमी पार्टी के चरित्र को दर्शाता है।' बीजेपी नेता ने कहा, 'आतिशी मार्लेना के माता-पिता ने हमारे कई बहादुर सैनिकों की मौत के लिए जिम्मेदार आतंकवादी अफजल गुरु की मौत की सजा के खिलाफ दया याचिका दायर की थी। मैं दिल्ली के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या वे उन लोगों का समर्थन करना चाहते हैं जिन्होंने गुरु की मौत के लिए माफी मांगी थी।' हालांकि विवाद बढ़ने पर बिधूड़ी ने कहा, अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं अपने शब्द वापस लेता हूं।

### युवा कांग्रेस ने बिधूड़ी के गेट पर पोती कालिख

बीजेपी के पूर्व सांसद और रमेश बिधूड़ी के बयान पर बवाल जारी है। सोमवार को दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के संदर्भ में विवादित टिप्पणी करने वाले बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ प्रदर्शन किया उनके आवास के गेट पर कालिख से 'महिला विरोधी' लिख दिया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकरा के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता 'साउथ एवेन्यू' स्थित बिधूड़ी के आवास पर पहुंचे और उनके खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखीं थीं , जिन पर 'रमेश बिधूड़ी शर्म करो' लिखा हुआ था। युवा कांग्रेस की ओर से जारी वीडियो के मुताबिक, संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने बिधूड़ी के आवास के बाहर लगे नेमप्लेट पर जूते भी मारे।

### 'भाजपा कर रही वोटों का बहुत बड़ा घोटाला'

*दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। जिसके बाद दिल्ली की सीएम आतिशी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से वोटर जोड़े गए है और वोट के अधिकार का घोटाला हुआ है। इस मामले की तुरंत जांच होनी चाहिए। आतिशी ने आगे कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में एक बहुत बड़ा वोटर घोटाला हुआ है दिल्ली में 29 नवंबर को समरी रिवीजन के बाद अचानक से 10,500 वोटर का एप्लीकेशन दिया गया। यह लोग अचानक कहां से आ गए। इससे साफ है कि गलत तरीके से वोटर जोड़ने की साजिश हो रही है। इस मामले को लेकर इलेक्शन कमीशन चीफ से मिलने का समय मांगा गया है।*

भारत ने हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर जताई थी आपत्ति

# चीन की सफाई, ब्रह्मपुत्र बांध से भारत को कोई नुकसान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चीन ने तिब्बत में यारलुंग सांगपो (ब्रह्मपुत्र) नदी पर डैम बनाने को लेकर भारत की आपत्ति का जवाब दिया है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ याकुन ने कहा कि यारलुंग सांगपो नदी पर बांध बनाने से भारत या फिर बांग्लादेश का जल प्रवाह प्रभावित नहीं होगा। प्रवक्ता याकुन ने कहा कि इस प्रोजेक्ट की पूरी वैज्ञानिक समीक्षा की गई है। इससे इको सिस्टम को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा, उल्टे यह प्रोजेक्ट कुछ हद तक आपदा को रोकने में मदद ही करेगा। याकुन ने कहा कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले इलाकों में जलवायु परिवर्तन संतुलित होगा। चीन ने पिछले महीने ब्रह्मपुत्र नदी पर हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी। इसके तहत ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाया जा रहा है। इस बांध पर चीन लगभग 137 बिलियन अमरीकी डॉलर (करीब 12 लाख करोड़ रुपए) खर्च करने जा रहा है। चीन यहां से सालाना 300 अरब किलोवाट-घंटा बिजली पैदा करना चाहता है।

### भारत के विरोध की वजह

ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाला बांध तिब्बत पठार के पूर्वी छोर पर हिमालय की विशाल घाटी में बनाया जाएगा। इस इलाके में अक्सर भूकंप आते हैं। बांध के बनने से ईकोसिस्टम पर दबाव पड़ सकता है जिससे कई हादसे हो सकते हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य और बांग्लादेश पहले से ही भयंकर बाढ़ की घटनाओं का सामना कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण उन्हें और अधिक चुनौतियों जैसे- भूस्खलन, भूकंप और बाढ़ आदि का सामना करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस बांध के बनने से भारत की चिंता बढ़ गई है।

अतुल सुभाष केस — *निकिता को झटका*

# एफआईआर रद्द करने से इंकार, याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



एआई इंजिनियर अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में निकिता सिंघानिया द्वारा अपने खिलाफ लगाए आरोपों को रदद् करने याचिका दायर की थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने FIR रद्द करने से इंकार कर दिया। सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि प्रथम दृष्टया सबूत चल रही जांच का समर्थन करते हैं, डेथ नोट और आत्महत्या वीडियो जैसे प्रमुख साक्ष्य एकत्र करने में प्रगति की कमी पर सवाल उठाया गया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि जांच के दौरान एकत्र सभी सबूतों को जमा किए जाएं। इसके साथ निकिता को अपनी सभी आपत्तियां सरकार के समक्ष दर्ज कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 2 सप्ताह के लिए सुनवाई टाल दी है। अतुल सुभाष को आत्महत्या मामले में आरोपी निकिता सिंघानिया, उनकी मां और भाई को बेंगलुरु की एक अदालत ने शनिवार को मामले में जमानत दे दी थी। आईटी पेशेवर अतुल सुभाष की अलग रह रही पत्नी ने मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### नौ दिसंबर को मिला था अतुल का शव

सुभाष (34) का शव नौ दिसंबर को दक्षिण-पूर्व बेंगलुरु के उनके मुन्नेकोलालु वाले घर पर फंदे से लटका मिला था। सुभाष ने वीडियो तथा सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि उससे अलग रह रही उसकी पत्नी और ससुराल वालों ने झूठे मामलों में फंसाकर तथा लगातार उत्पीड़न कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया। मराठाहल्ली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया तथा निकिता और दो अन्य को अरेस्ट किया है।

*क्राइम ब्रांच ने 4590 पन्नों की चार्जशीट कर किया दावा*

# सलमान के करीबी होने के चलते हुई सिद्दीकी की हत्या

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी मर्डर केस की जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूरी कर ली है। पुलिस ने इस मामले की लंबी-चौड़ी चार्जशीट दायर कर दी है। 4590 पेज की चार्जशीट में मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई समेत 26 लोगों को इस मामले में नामजद किया है और उनके खिलाफ आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में पुलिस ने खुलासा किया है कि बिश्नोई गैंग ने सलमान



खान से करीबी होने की वजह से बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी। पुलिस ने अपनी जांच में यह भी निष्कर्ष निकाला है कि बिश्नोई गैंग ने मुंबई में अपना दबदबा कायम करने के लिए हत्या की साजिश रची थी। चार्जशीट में पुलिस ने यह भी कहा है कि मुंबई में झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण परियोजनाओं से जुड़े विवाद का इस हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस ने सोमवार को इस मामले में एक विशेष अदालत में 4,590 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया है।

### अब तक 26 लोग गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री 66 वर्षीय सिद्दीकी की 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुख्य शूटर घटनास्थल से भाग गया था, बाद में उसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया था।

सालभर में हुई 13 अरब रुपए की आय

# तिरुपति में भक्तों ने चढ़ाया 4000 किलो सोना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्रप्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के भक्तों का अटूट विश्वास हर साल जबरदस्त दान में बदल जाता है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) हर साल लाखों भक्त पहुंचते हैं, क्योंकि यह उनकी श्रद्धा का केंद्र है। भगवान वेंकटेश्वर के भक्त बढ़-चढ़कर दान करते हैं। दान में नकदी, सोना-चांदी, विदेशी मुद्राएं और केशदान तक शामिल होते हैं। ये दान मंदिर के हुंडी में जमा होते हैं, जिन्हें श्री वराह स्वामी मंदिर के पास नए पराकामणी भवन में अलग-अलग किया जाता है। नकदी और सिक्कों की गिनती नियमित रूप से की जाती है, जबकि सोने और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को सुरक्षा में रखे गए लॉकर में सुरक्षित रखा जाता है। महीने के अंत में ये वस्तुएं टीटीडी ट्रेजरी, तिरुपति में भेजी जाती हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2024 में टीटीडी को 1,365 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड हुंडी आय प्राप्त हुई। वर्ष 2022 में श्रीवारी की हुंडी आय 1,291.69 करोड़ थी, जबकि 2023 में यह 1,391.86 करोड़ रुपए थी। बीते साल 2.55 करोड़ भक्त मंदिर पहुंचे, 99 लाख ने केशदान किया, और 6.30 करोड़ लोगों को अन्नप्रसादम परोसा गया। 12.14 करोड़ लड्डू बेचे गए. पिछले वर्षों की आय से तुलना करें तो 2022 में यह आय 1,291.69 करोड़ रुपये थी, और 2023 में 1,391.86 करोड़ थी। टीटीडी ने 2024-25 के लिए 5,141.74 करोड़ का बजट तैयार किया है।



### बैंक में जमा होता है सोना

टीटीडी अपने भक्तों से प्राप्त सोने को भी बैंक में जमा करता है। 2023-24 में, 1,031 किलोग्राम सोना जमा किया गया, जिससे अब तक कुल जमा 11,329 किलोग्राम हो गया है। अधिकारियों ने खुलासा किया कि पिछले तीन वर्षों में 4,000 किलोग्राम सोना जमा किया गया है। टीटीडी के बजट का एक बड़ा हिस्सा मानव संसाधनों और विकास परियोजनाओं के लिए आवंटित है। 1,773 करोड़ रुपये वेतन और भत्तों के लिए और 350 करोड़ रुपये इंजीनियरिंग कार्यों के लिए रखा गया है। साथ ही, हिंदू धर्म प्रचार परिषद के लिए 108.50 करोड़ रुपये और विभिन्न संस्थानों के लिए 113.50 करोड़ आवंटित किए गए हैं। राज्य सरकार की पहलों के लिए भी 50 करोड़ रुपये का योगदान किया गया है।



## जैकेट के शेष

### नौ शहीद, पेड़ों पर...

बार्डर एरिया में हुए मुठभेड़ में 5 नक्सलियों को मार गिराया था। माड़ इलाके में सर्च ऑपरेशन को पूरा कर लौट रहे जवानों की गाड़ी को माओवादियों ने निशाना बनाया। आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की मदद से किए गए विस्फोट की चपेट में जवानों की स्कार्पियो वाहन आ गई। जोरदार धमाके में डीआरजी के 8 जवान के अलावा वाहन चालक शहीद हो गए। इसकी खबर लगते ही तत्काल मौके पर रिइनफोर्समेंट टीम के साथ ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है।

**शहीद जवानों में यह शामिल** : 1. डीआरजी बुधराम कोरसा पिता श्री पाण्डू कोरसा ग्राम बड़े तुंगाली, पोस्ट थाना जांगला, जिला बीजापुर। 2. बस्तर फाईटर्स सोमडू वेट्टी पिता श्री सन्नू वेट्टी ग्राम परचेली बंडीपारा थाना कटेकल्याण तह. कटेकल्याण जिला दंतेवाड़ा। 3. बस्तर फाईटर्स सुदर्शन वेट्टी पिता श्री आषा राम व्अम ग्राम$पो. गुमलनार गिरसापारा थाना गीदम तह. गीदम जिला दंतेवाडा। 4.बस्तर फाईटर्स सुबरनाथ यादव पिता श्री श्रीधर यादव ग्राम पो. छोटे तुमनार थाना गीदम तह. गीदम जिला दंतेवाड़ा। 5. बस्तर फाईटर्स हरीश कोर्राम पिता गोन्डू पता गढ़मिरी पोस्ट नकुलनार थाना कुआकोण्डा, जिला दन्तेवाड़ा। 6. डीआरजी डूम्मा मरकाम पिता श्री आयतु मरकाम ग्राम पंचायत मड़कामीरास पोस्ट गुमियापाल थाना किरन्दुल तहसील बड़े बचेली जिला दन्तेवाड़ा। 7. डीआरजी पण्डरू राम पोयाय पिता स्व. श्री जोगा पोयाम ग्राम कावड़गॉव रीमापारा पोस्ट कावड़गॉव थाना कटेकल्याण तह. दन्तेवाड़ा जिला दन्तेवाड़ा। 8. डीआरजी बामन सोढ़ी पिता स्व. श्री हड़मा सोढ़ी ग्राम करकावाड़ा पोस्ट नेलसनार थाना बांगापाल तह. भैरमगढ़ जिला बीजापुर। 9. वाहन चालक (सिविल) तुलेश्वर राना ग्राम आरापुर जगदलपुर।

**तीन दिन में 10 जवान शहीद, 8 माओवादी ढेर** : वर्ष 2025 में यह तीसरी नक्सल वारदात है जिसमें जवानों ने मुठभेड़ में 8 माओवादियों को ढेर कर दिया। वहीं नक्सलियों के हमले व आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से तीन दिन में 10 जवान शहीद हो चुके है। इससे पूर्व प्रदेश के गरियाबंद जिले में 3 जनवरी को हुए नक्सल मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए थे वहीं 4 जनवरी को दंतेवाड़ा, बीजापुर व नारायणपुर के सरहदी इलाके में हुए मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए थे तथा डीआरजी का प्रधान आरक्षक सन्नूराम कारम शहीद हो गए थे। इसके बाद सोमवार दोपहर हुए नक्सली हमले में 9 जवान शहीद हो गए।

**बीते साल वारदातों में मामूली कमी** : 25 फरवरी 2024 को बीजापुर जिले में छग सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक हेड कांस्टेबल माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में विस्फोट की चपेट में आया और उनकी मौत हो गई थी। 19 अक्टूबर 2024 को आईटीबीपी के 2 जवान शहीद हो गए वहीं थे वहीं आईईडी की चपेट में आने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे यह विस्फोट नारायणपुर जिले के मोहंदी गांव के पास नक्सलियों ने तब किया था जब अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बल माओवादी विरोधी अभियान से लौट रहे थे। 17 जुलाई 2024 को संभाग के बीजापुर जिले के जंगलों में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट हुआ जिसमें 2 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई और चार घायल हो गए थे।

**2023 में बड़ी वारदातें** : 26 अप्रैल 2023 को दंतेवाड़ा जिले में जवानों के वाहन को नक्सलियों ने विस्फोट कर उड़ा दिया था इसमें 10 जवान और एक निजी ड्राइवर की मौत हो गई थी। 27 मार्च 2023 को बीजापुर में आईईडी विस्फोट में सीएएफ के एक सहायक प्लाटून कमांडर की शहादत हुई थी। 08 फरवरी 2022 को बीजापुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 4 जवान माओवादियों द्वारा किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में घायल हुए थे।

**2018 की बड़ी वारदातें** : 13 मार्च 2018 को सुकमा जिले में माओवादियों ने एक बारूदी सुरंग विस्फोट किया जिसमें 9 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए और दो गंभीर रूप से घायल हुए थे। 27 अक्टूबर 2018 को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग लगाकर वाहन को उड़ा दिया था इसमें सीआरपीएफ के 4 जवान शहीद व दो घायल हो गए थे। 11 मार्च 2017 सुकमा में सिलसिलेवार आईईडी विस्फोट में 12 सीआरपीएफ जवान की शहादत हुई थी। 18 मई 2011 को सीआरपीएफ के 5 जवान की शहादत व दो जवान घायल हो गए थे इस घटना में भी नक्सलियों ने बोगुडा गांव के पास शक्तिशाली बारूदी सुरंग का उपयोग कर जवानों के वाहन को उड़ा दिया यह वारदात नक्सल प्रभावित दक्षिण बस्तर क्षेत्र में सुकमा से लगभग 7 किमी दूर हुई थी।

### डीजीपी, एडीजी बीजापुर...

के रास्ते क्लीयर करने किस तरह के उपाय किए गए थे, इस बात को लेकर अफसरों ने मंथन किया। इसके साथ ही इंटिलिजेंस में किस तरह की चूक हुई है, इस बात को भी लेकर अफसरों ने मंथन किया है।

**घटना में शामिल नक्सलियों की पहचान** : बीजापुर की घटना में किस ग्रुप के नक्सली शामिल थे, अफसरों ने इसकी जल्द से जल्द जानकारी जुटाकर उनके सफाया करने निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बस्तर में केंद्रीय के साथ राज्य सुरक्षा बल के जवान ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। इसके कारण नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। हताशा के चलते नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने आईईडी ब्लास्ट की घटना को अंजाम दिया है, ऐसा अफसरों का मानना है।

### भाजपा के 19 और...

जिलों के लिए एक नाम पर सहमति न होने के कारण अभी इनका चुनाव रोका गया है। 34 जिलों में पहली बार चार जिलों में महिलाओं को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके पहले एक मात्र महासमुंद जिले में रूपकुमारी चौधरी ही अध्यक्ष थीं। वह अब सांसद बन गई हैं। पूर्व सांसद चंपादेवी पावले को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-सोनहट का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हो रहे हैं। बूथ कमेटियों और मंडल अध्यक्षों के बाद दो दिनों में जिलाध्यक्षों के चुनाव कराए गए हैं। पहले दिन रविवार को जहां 15 जिलों में चुनाव कराए गए, वहीं सोमवार को 19 जिलों में चुनाव हुए हैं। दिल्ली से बंद लिफाफों में यहां पहुंचे नामों का लिफाफा लेकर जिलों के चुनाव अधिकारी जिलों में गए और शाम तक 19 जिलों में जिलाध्यक्षों का ऐलान कर दिया गया।

**रमन के जिले में अध्यक्ष का पेंच फंसा** : प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विधानसभा जिले राजनांदगांव में जिलाध्यक्ष का पेंच फंस गया है। यहां का चुनाव अभी जातिगत समीकरण के कारण रोका गया है। यहां से किसी अग्रवाल, जैन या किसी व्यापारी वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए चुनाव रोका गया है। इसी तरह से कवर्धा से किसी महिला को प्रतिनिधित्व देने के लिए चुनाव रोका गया है। जल्द ही इन दोनों जिलों में चुनाव होगा।

**नम्रता सबसे कम उम्र की जिलाध्यक्ष** : जिलाध्यक्षों के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा तय की गई है। ऐसे में सबसे कम उम्र की जिलाध्यक्ष मोहला मानपुर की नम्रता सिंह बनी हैं। उनकी उम्र 45 साल से भी कम है। महिला को प्रतिनिधित्व देने के लिए 45 साल से कम उम्र की होने के बाद भी उनको मौका दिया गया है। बाकी सभी अध्यक्ष 60 साल के अंदर ही है।

### पहली बार चार...

के चुनाव में मोहला मानपुर से नम्रता सिंह अध्यक्ष बनी थीं। अब सोमवार को हुए चुनाव में जहां मनेंद्रगढ़-चिरमिरी से श्रीमती चंपा देवी पावले को अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं नारायणपुरसे श्रीमती संध्या पंवार और सारंगढ़-बिलाईगढ़ से श्रीमती ज्योति पटेल का अध्यक्ष बनाया गया है। इस तरह से पहली बार चार जिलों में जिलाध्यक्ष महिलाओं हो गई हैं।

### किस जिले की कमान...

बस्तर-वेदप्रकाश पांडे, सक्ती-टिकेश्वर गबेल, सारंगढ़-बिलाईगढ़-श्रीमती ज्योति पटेल, जांजगीर चांपा-अंबेश जांगड़े, गरियाबंद-अनिल चंद्राकर।

## पेज एक के शेष

### रायपुर में लीजेंड-90 क्रिकेट...

पिछले वर्ष श्रीलंका में आयोजित हुआ था, जो इस बार रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। रविवार को नया रायपुर स्थित होटल में लीग के खिलाड़ियों की नीलामी हुई, जिसमें सबसे महंगे खिलाड़ी सुरेश रैना, शिखर धवन, डवेन ब्रावो, हरभजन सिंह, किस गेल, युसुफ पठान, कोरी एंडरसन, मोइन अली व तिलकरत्ने दिलशान रहे। लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुणेश सिंह परिहार ने बताया कि टिकट के दाम न्यूनतम स्तर पर ही रखने की कोशिश रहेगी।

**ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना भाटिया देंगी प्रस्तुति** : लीग की ओपनिंग सेरेमनी भव्य रूप से स्टेडियम में होगी, जिसमें बॉलीवुड़ एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना साथ ही गायक विशाल मिश्रा, सोनू निगम, हार्डी सन्धु जैसे सितारे व छालीवुड के सितारे परफॉर्मेंस देगें। आईपीएल की तर्ज पर लोगों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ से खेलेंगे सुरेश...

सक्सेना तथा मनोज सिंह प्रमुख हैं। ऑक्शन समारोह में मुख्य रूप से आईपीएल व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कमेंटेटर चारू शर्मा, बिग बॉस फेम शेफाली बग्गा, लीग के सीइओ शिवेन शर्मा, सीओओ तरुणेश सिंह परिहार व छत्तीसगढ़ क्रिकेट एंकर खुशी अंसारी प्रमुख रहे।

### मौत का 'ठेकेदार' हैदराबाद में...

थाना बीजापुर में 2 जनवरी की रात गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव ने मुकेश चंद्रकार की तलाश के लिए 3 टीमों का गठन किया था। मुकेश चंद्राकर के मोबाइल फोन की सीडीआर एवं लोकेशन की जांच की गई। मृतक की लास्ट लोकेशन के आधार पर 2 जनवरी की रात में ही चट्टान पारा स्थित ठेकेदार सुरेश चंद्रकार के बाड़े के सभी रूम को चेक किया गया। अलग-अलग जगहों पर खोजबीन की गई। सुरेश चंद्राकर के बाड़े के बैडमिंटन कोर्ट में नई फ्लोरिंग वाली सेप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद हुआ था। मृतक के सिर, पीठ, पेट एवं सीने पर ठोस हथियार से वार के निशान थे। घटना के संदेही रितेश चंद्राकर को रायपुर एयरपोर्ट से पकड़ा गया था। जबकि आरोपी सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके एवं दिनेश चंद्राकर को बीजापुर से बीजापुर से गिरफ्तार किया गया था। मुख्य आरोपी ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर कि गिरफ्तारी के लिए आईजी सुंदरराज पी ने आईपीएस मयंक गुर्जर के नेतृत्व में एसआईटी गठित की थी। एसआईटी ने अंततः सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से दबोच ही लिया। **ठेकेदार के खाते को होल्ड कराया गया** : ठेकेदार सुरेश चंद्राकर एवं अन्य आरोपियों की संपत्तियों एवं बैंक खातों के सबंध में जानकारी पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा खंगाली गई। सुरेश चंद्रकार के तीन बैंक खातों को होल्ड कराया गया और अन्य खातों के सबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं प्रशासन ने सुरेश चंद्राकर द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कंस्ट्रेक्शन डंपिंग यार्ड बना रखा था। उसे भी बीते दिनों प्रशासन ने जेसीबी चलाकर ध्वस्त कर दिया था।

### एचएमपीवी वायरस के...

संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया। देश में अब तक सामने आए एचएपीवी के तीन मामलों में से दो का पता भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा कर्नाटक में कई श्वसन वायरल रोगजनकों की नियमित निगरानी से चला।

### भाजपा की 9 को राजधानी में...

बड़ा मंथन होगा। इस महापंचायत में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों की तारीखों को लेकर भी रायशुमारी होगी। 15 जनवरी के बाद कभी भी चुनाव का ऐलान होना है। यहां यह बताना लाजिमी है कि पहले महापंचायत 8 को होने वाली थी, जिसे एक दिन आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश भाजपा संगठन का चुनाव अब अंतिम चरण पर है। जिलाध्यक्षों के चुनाव के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके बाद पूरा संगठन नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में लगेगा। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन ने 9 जनवरी को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संगठन की एक बैठक आयोजित की है। इसमें प्रदेश के सभी छोटे-बड़े नेता जुटेंगे। इस बैठक में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर बड़ी रायशुमारी होगी। इस बैठक के बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर प्रभारियों की भी नियुक्ति की जाएगी। सभी को जहां चुनाव के लिए जुटने के लिए कहा जाएगा, वहीं चुनाव की तारीखों को लेकर भी बात होगी।

## कर्ज की जंजीरें तोड़, महिलाओं के वित्तीय स्वतंत्रता की ओर बढ़ते कदम

**मंईयां सम्मान योजना**



रांची। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) ने महिला सशक्तिकरण और राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 2500 रुपए की मासिक सम्मान राशि हस्तांतरित की जाएगी। यह राशि महिलाओं के आर्थिक स्वतंत्रता की ओर पहला कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योजना के सार्वभौमिक और सरल डिजाइन की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिसमें 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की सभी महिलाओं को बिना किसी कागजी प्रक्रिया के योजना का लाभ मिलेगा। यह कदम न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सशक्त करेगा, बल्कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र की समग्र आर्थिक स्थिति को भी प्रोत्साहित करेगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी ग्रामीण-1 के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202412131600033/.**

विषयः-अ-59 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सनः-2024-2025

मुजगहन (प.ह.नं. 00029),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी के पत्र क्र./आयुक्त/एस.बी.एम./2024/7035 धमतरी दिनांक 17/12/2024 से प्राप्त पत्र अनुसार भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा विभिन्न बायोगैस एवं अपशिष्ट से उत्पादित कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) के उत्पादन एवं उपयोग को प्रोत्साहन देने हेतु प्रदेश के विभिन्न शहरों में नगरीय निकायों में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट की स्थापना हेतु नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा कार्यालयीन पत्र क्र./MCC/2023/10161 धमतरी दिनांक 27/10/2023 के तहत कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट स्थापना हेतु श्री सुमित सरकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण, छ.ग. को पत्र प्रेषित किया गया था। वर्तमान में ग्राम मुजगहन में भूमि खसरा क्र. 1478/1 क्षेत्रफल 06.05 हे. भूमि तहसील धमतरी जिला धमतरी में उपलब्ध है जो कि शासकीय भूमि को यशवंतराव पिता सदाशिव रामसिंग के नाम से दर्ज है। वर्तमान में उक्त भूमि चारागाह हेतु आबंटित की गई थी, जिसका वर्तमान में उपयोग नहीं हो रहा है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/01/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/12/2024 को जारी किया जाता है।

JITENDRA KUMAR DAHRE
नायब तहसीलदार
तहसील धमतरी



**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.: eT-North-WAT-43-2024, दिनांक 31.12.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता/NORTH/वाल्टियर के क्षेत्राधिकार के अधीन A.T/SKV पद्धति (सिंगल शॉट क्रूसिबल तकनीक) के लिए 60 KG/60 EI-R260 रेलों के लिए वेल्डिंग पोर्सन की आपूर्ति।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 87,68,306.52, EMD: रु. 1,75,400.00. कार्य समापन अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.01.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्यः** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (Engg.), वाल्टियर

PR-857/P/24-25



**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202501110300015/अ 74
वर्ष 2024-25
ग्राम कोहका, प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. - तिल्दा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक उद्योग संचालनालय, छ.ग. उद्योग भवन रिंग रोड नं. 01 तेलीबांधा, रायपुर द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. - तिल्दा, तहसील - तिल्दा नेवरा, जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 235/1, 235/2 रकबा क्रमशः 0.632, 1.214 हे. को मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायपुर छ.ग. को हस्तांतरण/ आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 20.01.2025 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में S&T-GSU अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्रमांक:** 42-सीपीएम-जीएसयू-एनएजी-2024-25
**कार्य का नाम:** एसईसीआर के मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर में LHB कोचों के रखरखाव सुविधाओं में सुधार के संबंध में UDM और ई-ऑफिस के लिए कार्य प्रणाली का प्रावधान।
**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 58,30,572/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,16,600/-

**2. निविदा क्रमांक:** 46-सीपीएम-जीएसयू-एनएजी-2024-25
**कार्य का नाम:** संकेत एवं दूरसंचार के संबंधित कार्य: **(1)** TMR-TRDI लाइन पर कि.मी. 1060/13 पर मानवयुक्त समपार क्र. TT-09 को हटाए जाने के लिए LROB का निर्माण। **(2)** एसईसीआर के नागपुर मंडल के G-BTC सेक्शन में कि.मी. 1006/0-1 पर स्थित मानवयुक्त समपार क्र. GJ-02 के स्थान पर सीमित विस्तार और सीमित चौड़ाई वाले ROB का प्रस्तावित निर्माण।
**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 1,49,14,105/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,24,600/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां नीचे दी गई अंतिम तिथियों को **14:00** बजे तक या उससे पहले प्रस्तुत कर सकेंगे:
**निविदा क्रमांक 1: 21.01.2025** तक
**निविदा क्रमांक 2: 23.01.2025** तक
मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है वि ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता - (जीएसयू), द.पू.म. रेलवे, नागपुर**

FL/41-185

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**राष्ट्रीय जूट बोर्ड**
National Jute Board | Ministry of Textiles | Govt. of India
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार

पटसन भवन, 5वीं और 6वीं मंजिल, स्ट्रीट नंबर 175, प्लॉट नंबर 6/1, सीएफ ब्लॉक, एकशन एरिया-1, न्यू टाउन, कोलकाता - 700156
ईमेलः jute@njbindia.in वेबसाइटः https://www.jute.com

**रायपुर में जूट मेला**

एनआईटी संख्या 23/एनजेबी/एमडी/जूट मेला, रायपुर/निविदा/2024-25 दिनांक 07.01.2025

**सिटी सेंटर, विधान सभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ के परिसर में 17-26 जनवरी, 2025 के दौरान एनजेबी स्टॉल के डिजाइन, निर्माण, सजावट के लिए प्रतिष्ठित वास्तविक फैब्रिकेटर्स और इंटीरियर डेकरेटर्स / औद्योगिक प्रदर्शकों ले निविदाएं आमंत्रित करने का नोटिस।**

अधिक जानकारी के लिए कृपया निविदा सुचना पर क्लिक करके वेबसाइट www.jute.com पर उपलब्ध निविदा सूचना देखें। जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 13 जनवरी 2025 (सोमवार) 13.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि: 13 जनवरी, 2025 (सोमवार) 15.00 बजे।

सचिव
राष्ट्रीय जूट बोर्ड



**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/08/नि.आ.सू./लो.नि.वि./न.पं./2024 चिखलाकसा, दिनांक 06/01/2025

**मैनुवल पद्धति तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में प्रचलित एस.ओ. आर. में कम / अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाए अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है

| क्र. | कार्यों की संख्या | अनुमानित लागत (राशि रू. लाखों में) | निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क. 07 में पुल से लेकर शिव मंदिर तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 12.92 | 17.01.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, घरोहर राशि, विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चिखलाकसा**



**न्यायालय तहसीलदार नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा. प्र. क्र. 202412140100017 / अ-20 (3) / 2024-25
ग्राम- दबेना प.ह.नं. 10

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता (सिविल) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांस. कंपनी लिमिटेड कांकेर के पत्र क्रमांक का.अ./ सिविल / ट्रांस / 24-25 / 319 कांकेर दिनांक 05.08.2024 के अनुसार ग्राम दबेना पटवारी हल्का नम्बर 10 तहसील नरहरपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 615 रकबा 7.34 हे एवं खसरा नं. 638 रकबा 4.08 हे. में से 0.272 हे. कुल रकबा 7.612 हे भूमि को 220/132/33 के.व्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने मांग किये जाने पर कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर से अनुविभागीय अधिकारी महोदय कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः ग्राम दबेना पटवारी हल्का नम्बर 10 तहसील नरहरपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 615 रकबा 7.34 हे एवं खसरा नं. 638 रकबा 4.08 हे. में से 0.272 हे. कुल रकबा 7.612 हे. भूमि को 220/132/33 के.व्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 13.01.2025 तक पेश करें नियत समय के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

S-42665/1 मुहर

तहसीलदार
नरहरपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा - नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग)**
फोन न. 07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/ 1000 लो.नि.वि./न.पा./ 2024-25 तिल्दा - नेवरा, दिनांक 06.01.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | | अमानत राशि (FDR) | कार्य की समयावधि | ऑनलाईन निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | SOR | NON SOR | | | |
| 1 | 163921 | वार्ड क्र. 06 सब्जी मंडी के पास 10 सीटर आकांक्षीय शौचालय सहित यूरिनल निर्माण कार्य। | 26.68 | 1.52 | 21200.00 | 04 माह | अंतिम तिथि 27.01.2025 फिजिकल जमा तिथि 03.02.2025 बिड खोले जाने की तिथि 07.02.2025 |
| 2 | 163950 | नगर पालिका तिल्दा - नेवरा क्षेत्रान्तर्गत कुल 07 नग सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय का मरम्मत/ उन्नयन कार्य। | 25.09 | | 18850.00 | 04 माह | |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**तिल्दा - नेवरा**



**कार्यालय नगर पंचायत अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.)**
email ID-nparjunda@gmail.com

क्रमांक/2086/ न.पं. / 2024 अर्जुन्दा, दिनांक 06/01/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में प्रचलित पीडब्ल्यूडी रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 दर में कम / अधिक प्रतिशत या समान दर पर नगर पंचायत अर्जुन्दा में 15वां वित्त आयोग अंतर्गत निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 23/01/2025 शाम 04.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय किये जाने की अंतिम तिथि - 24/01/2025 शाम 04.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 31/01/2025 शाम 03.00 बजे तक
4. प्राप्त निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 31/01/2025 शाम 04.00 बजे के बाद

| स. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु.) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 14 नगर पंचायत कार्यालय के सामने पेवर ब्लाक निर्माण कार्य। | 12.36 | 9300.00 | 750.00 | 2 माह |

**टीप** :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की विस्तृत, सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से व विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, अर्जुन्दा**


## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5740



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5739 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5750

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5749 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |



# सोनू सूद की 'फतेह' का दूसरा ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' अपनी रिलीज से कुछ दिन दूर है। इसका ट्रेलर भव्य इवेंट में पहले ही जारी हो चुका है। सोमवार को फिल्म का दूसरा ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस पर सलमान खान ने बधाई दी है। पिछले ट्रेलर की तरह यह भी खतरनाक है। ट्रेलर की शुरुआत में सोनू सूद नजर आते हैं और आईना देखते हुए कहते हैं, 'मैं दिखने में सीधा-सादा और शांत था। लेकिन, अपने दिमाग में मैंने तुम्हें पिछले पांच मिनट में दस अलग-अलग तरीकों से 20 बार मार दिया था। जैकलीन फर्नांडिस कहती हैं, 'बचपन में एक प्रिंसेस की कहानी पढ़ी थी। जब भी वो मुसीबत में होती, हमेशा एक सेवियर उसे बचाने आ जाता'।

लाइफ Style



# किआरा

## 'गेम चेंजर' पर टिकी सारी उम्मीदें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा मे बनी हुई हैं। इस साल वह कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं, जिसमें बॉलीवुड से लेकर टॉलीवुड की धांसू फिल्में शामिल हैं। कियारा आडवाणी जहां भी जाती हैं अपनी मौजूदगी से तहलका मचा देती हैं।

कियारा जल्द ही राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर में नजर आएंगी। यह कियारा की पहली साउथ डेब्यू फिल्म है। कियारा आडवाणी की आगामी बहुप्रतीक्षित राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर की, जो इस साल उनकी सबसे पहली रिलीज है। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में पहली बार कियारा साउथ अभिनेता राम चरण के साथ रोमांटिक मोड में नजर आएंगी। गेम चेंजर के अलावा कियारा टॉक्सिक में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में केजीएफ स्टार यश नजर आएंगे। टॉक्सिक में यश कई लीडिंग लेडीज के साथ नजर आ सकते हैं। बहरहाल, फिल्म में कियारा का नाम सामने आया है। टॉक्सिक में कथित तौर पर कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, श्रुति हासन और हुमा कुरैशी नजर आ सकती हैं। निर्देशन फरहान अख्तर की आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह डॉन के किरदार से तहलका मचाएंगे। इस फिल्म में उनके अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आएंगी। डॉन 3, डॉन फिल्म का तीसरा भाग है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का ज्यादातर हिस्सा भारत में ही फिल्माया जाएगा, जबकि कुछ हिस्से की शूटिंग दुबई और अबू धाबी में होगी।

हॉलीवुड मसाला



# 1.71 करोड़ की रिंग पहनी दिखीं

**लॉस एंजिल्स।** ड्यून अभिनेत्री जेंडाया ने हाल ही में गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स के 82वें संस्करण में सगाई की अफवाहों को हवा दी, जब वह अपने बाएं हाथ में हीरे की चमचमाती अंगूठी पहने रेड कार्पेट पर दिखाई दीं। इस दौरान जेंडाया के शानदार लुक के साथ उनकी अंगूठी पर सभी की निगाहें थम गईं। इस दौरान जेंडाया ने चोकर नेकलेस और हाई-एंड बुलगारी ज्वेलरी के साथ अपना शानदार लुक पूरा किया। यह एक प्लैटिनम हाई ज्वेलरी नेकलेस के अलावा 48 कैरेट से अधिक हीरे की अंगूठी के साथ एक मैचिंग रिंग और डायमंड स्टड इयररिंग शामिल थे।



# इन पांच हॉलीवुड फिल्मों ने की सबसे ज्यादा कमाई

**मुंबई।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्म 'मुफासा'शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म का वर्ल्डवाइड प्रदर्शन भी अच्छा है। आइए जानते हैं उन टॉप 5 हॉलीवुड फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बीते साल विश्वभर में शानदार प्रदर्शन किया। एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' इस लिस्ट में सबसे ऊपर आती है। इस फिल्म ने 12770 करोड़ रुपए का कलेक्शन विश्व भर में किया। कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर रही फिल्म 'डेडपूल और वूल्वरीन' रही। 1675 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 11180 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। 150 मिलियन डॉलर के बजट में बनी 'मोआना 2' ने विश्व भर में 6105.64 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। चौथे नंबर पर एक बार फिर एक एनिमेशन फिल्म है। इस फिल्म ने विश्व भर में 5868.17 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। 'ड्यून पार्ट 2' 1575 करोड़ रुपए की लागत से बनी इस फिल्म ने 5845 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की।



# इमरजेंसी का ट्रेलर मेरी बायो में है...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इमरजेंसी' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें हर तरह के राजनीतिक पहलुओं को दिखाया गया है। कंगना रनौत देश की पहली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आईं। अनुपम खेर ने भी अपने दमदार डायलॉग से प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रोंगटे खड़े कर देना वाला यह ट्रेलर हर किसी को पसंद आ रहा है। आखिरकार, फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कंगना रनौत ने कैप्शन में लिखा, '1975, इमरजेंसी भारतीय इतिहास का एक निर्णायक अध्याय।' आगे कंगना ने लिखा 'इंदिरा-भारत की सबसे शक्तिशाली महिला। उनकी महत्वाकांक्षा ने देश को बदल दिया, लेकिन उनकी आपातकाल ने इसे अराजकता में डाल दिया।' आगे कंगना ने लिखा, 'इमरजेंसी का ट्रेलर मेरी बायो में है'।



# 'आजाद' में अजय की बागी अंदाज...

**नई दिल्ली।** अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म 'आजाद' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इसमें अजय देवगन बागी बने हुए हैं, जो अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए दिख रहे हैं। ट्रेलर में अजय कुछ दमदार डायलॉग बोलते हुए भी दिखे। साथ ही अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन भी ट्रेलर में नजर आए, उनके साथ रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी भी एक अमीर लड़की की भूमिका में दिखीं। फिल्म 'आजाद'के ट्रेलर की शुरुआत एक काले रंग के घोड़े आजाद के साथ होती है, जो अमन देवगन के किरदार के हाथ लगता है। यह घोड़ा अजय देवगन के किरदार विक्रम का है, जो कि एक बागी है। फिल्म की कहानी का बैकड्रॉप आजादी से पहले का है। आजादी के लिए एक गांव के कुछ लोग बागी बन चुके हैं।

टीवी मसाला



# फिनाले से पहले इन 3 पर लटकी नॉमिनेशन की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का कॉन्ट्रोवर्शियल शो 'बिग बॉस 18' ने इस वक्त धमाल मचा रखा है। शो में कंटेस्टेंट्स अपनी-अपनी गेम को लेकर अब काफी सीरियस नजर आ रहे हैं। फिनाले नजदीक आते हैं घरवालों के गेम का रूप ही बदल गया है। कंटेस्टेंट अब काफी खुलकर खेल रहे हैं। बीते दिनों शो से वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट कशिश कपूर को बाहर कर दिया गया है। ऐसे में अब 'बिग बॉस 18' के इन तीन कंटेस्टेंट पर नॉमिनेशन की तलवार गिरी है, जिनके नाम भी सामने आ चुके हैं। इस सप्ताह तीन कंटेस्टेंट्स घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं। जो तीन कंटेस्टेंट्स घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं, उसमें चाहत पांडे, रजत दलाल और श्रुतिका अर्जुन शामिल हैं। इस खबर के सामने आते ही यूजर्स के रिएक्शन आने लगे हैं। कई यूजर्स ने दावा किया कि श्रुतिका और चाहत को बाहर कर देंगे। तो कई ने ईशा सिं को नॉमिनेट न करने पर गुस्सा जाहिर किया। बीते दिनों बिग बॉस 18 से वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट कशिश कपूर को बाहर कर दिया गया है। कशिश से पहले तेजिंदर पाल सिंह बग्गा, अदिति मिस्त्री,एलिस कौशिक, अरफीन खान,शहजादा धामी, मुस्कान बमाने, वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा और नायरा बनर्जी को भी बाहर कर दिया गया। वहीं, गुणरत्न सदावर्ते किसी जरूरी केस की वजह से बाहर किया गया और वो फिर से शो में वापसी कर सकते हैं।

## अभीर के लिए रूही-अभिरा मिलाएंगी हाथ

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'का नया प्रोमो आया है। प्रोमो में अभिरा और रूही अपने भाई अभीर के लिए साथ आते नजर आती हैं। वे दोनों साथ मिलकर अभीर की गुनहगार को सजा दिलवाने का फैसला लेती हैं। इतना ही नहीं, पौद्दार परिवार को उसकी औकात याद दिलाने के लिए साम, दाम, दंड, भेद का भी इस्तेमाल करने के लिए तैयार हो जाती हैं। प्रोमो की शुरुआत में अभिरा और बी नानू के बीच बहस होने लगती है। बी नानू कहते हैं, 'ये झूठ नहीं है। यही सच है। सारी दुनिया जानती है कि विद्या जी, अभीर से कितनी नफरत करती हैं। इसी नफरत की वजह से विद्या जी ने अपनी गाड़ी से अभीर की बाइक को टक्कर दे मारी।'अभिरा, बी नानू की बात नहीं सुनती है। वह कहती है, 'हम अदालत में केस लड़ेंगे और पूरी ईमानदारी से लड़ेंगे।'वहीं, दूसरी तरफ अरमान, विद्या से वादा करता है कि वह उसे किसी भी किमत पर जेल नहीं जाने देगा। अरमान कहता है, 'आप जेल नहीं जाएंगी। इस बात की गैरंटी मैं लेता हूं।'इसके बाद अभिरा के पास रूही का कॉल आता है।



# 1200 करोड़ी बनी 'पुष्पा 2'

**मुंबई।** पुष्पा 2 अब 1200 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हो चुकी है। यह फिल्म पहले ही 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। वहीं, अब यह आगे बढ़ते हुए पहली ऐसी फिल्म बन गई जो 1200 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल हुई। वहीं, फिल्म की कुल कमाई की बात करें तो अब तक पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर 1205.51 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। पांचवें हफ्ते में फिल्म ने नया रिकॉर्ड बना लिया। यह 1200 करोड़ रुपए कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म बन चुकी है। पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में दर्शकों का सबसे ज्यादा प्यार मिल रहा है और यही वजह है कि हिंदी संस्करण में फिल्म ने सबसे ज्यादा कमाई की है। फिल्म पहले ही हिंदी पट्टी में 800 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होकर रिकॉड बना चुकी है। वहीं, अब यह फिल्म हिंदी संस्करण में 900 करोड़ रुपए की कमाई करने की ओर बढ़ चुकी है।



# 'गोल्डन ग्लोब' में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार नहीं जीत पाईं पायल

**नई दिल्ली।** 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया 'गोल्डन ग्लोब्स' में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की श्रेणी में पुरस्कार नहीं जीत पाईं, जबकि 'द बूटलिस्ट' के ब्रैडी कॉर्बेट ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार अपने नाम किया। मुंबई में काम करने वाली दो मलयाली नर्स और उनकी दोस्त, जो पेशे से एक रसोइया है, की कहानी कहती फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 'ग्लोब्स' में सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी मोशन पिक्चर के लिए भी नामित किया गया था, लेकिन यह पुरस्कार फ्रांस की 'एमिलिया पेरेज' को मिला। 'एमिलिया पेरेज' 2025 ऑस्कर के लिए फ्रांस की आधिकारिक प्रविष्टि भी है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की श्रेणी में नामांकित अन्य लोगों में जैक्स ऑडियार्ड ('एमिलिया पेरेज') सीन बेकर ('अनोरा'), एडवर्ड बर्गर ('कॉन्क्लेव') और कोरली फारगेट ('द सब्सटेंस') के नाम शामिल थे। आधिकारिक रूप से भारत-फ्रांस के सह-निर्माण में बनी 'ऑल वी इमेजिन...' में कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा और छाया कदम ने अभिनय किया है।



मलयालम-हिंदी फिल्म का निर्माण पेटिट कैओस, चॉक एंड चीज और एनदर बर्थ ने किया है। कपाड़िया की फिल्म मुंबई में रहने वाली दो मलयाली नर्स और उनकी दोस्ती के इर्द-गिर्द घूमती है। पिछले साल मई में कान में इस फिल्म ने 'ग्रैंड प्रिक्स' पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया था और ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय फिल्म थी। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' ने 'बाफ्टा' (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) की सूची में भी स्थान सुरक्षित कर लिया है।

- *सर्वश्रेष्ठ फिल्म* - म्यूजिकल/कॉमेडी- एमिलिया पेरेज
- *सर्वश्रेष्ठ पिक्चर*- ड्रामा- द बूटलिस्ट
- *सर्वश्रेष्ठ अभिनेता*- मोशन पिक्चर ड्रामा- एड्रियन ब्रॉडी (द बूटलिस्ट)
- *सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री*- मोशन पिक्चर ड्रामा- फर्नांडा टोरेस (आई एम स्टिल हियर)
- *सर्वश्रेष्ठ म्यूजिकल/ कॉमेडी* सीरीज का खिताब हैक्स के नाम
- *बेस्ट लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज/* टेलीविजन मोशन पिक्चर- बेबी रेनडियर
- *सिनेमैटिक एंड बॉक्स ऑफिस* अचीवमेंट श्रेणी में 'विकेड' ने मारी बाजी।
- *सर्वश्रेष्ठ गाना*- मोशन पिक्चर- एल मल (एमिलिया पेरेज)
- *बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर*- ट्रेंट रेज्नर और एटिकस रॉस (चैलेंजर्स)

## बचपन में हीरो बनने का भूत था सवार, घर से भागकर पहुंच गए मुंबई

# तीन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले पहले संगीतकार थे जयदेव



***नई दिल्ली।** जयदेव वह संगीतकार थे, जिन्होंने दिग्गज अभिनेता देवानंद के गानों में जान डाल दी। जयदेव का जन्म नैरोबी में हुआ था और उनका पालन-पोषण लुधियाना में हुआ। बचपन में उनके सिर पर हीरो बनने का भूत सवार था, जिसके चलते वह घर से भागकर मुंबई पहुंच गए। हीरो बनने पहुंच जयदेव की मुलाकात संगीत से हुई, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी।*

भारतीय संस्कृति हमेशा से कला और साहित्य की धनी रही है। इस भूमि पर एक से बढ़कर एक कलाकारों ने जन्म लिया। ऐसे ही एक म्यूजिक डायरेक्टर मनोरंजन जगत में हुए, जिन्होंने पहली बार तीन नेशनल अवॉर्ड जीतकर अपने नाम एक रिकॉर्ड कर लिया। इस हस्ती का नाम था जयदेव।



### जिंदगी ने लिया यू-टर्न

मुंबई पहुंचकर जयदेव ने वाडिया फिल्म कंपनी के लिए एक बाल कलाकार के रूप में आठ फिल्मों में अभिनय किया। लुधियाना में प्रोफेसर बरकत राय ने उन्हें छोटी उम्र में ही संगीत की शिक्षा दी। वह जब मुंबई आए तो उन्होंने कृष्णराव जौकर और जनार्दन जौकर से संगीत सीखा। सब कुछ ठीक चल रहा था कि एक दिन अचानक जयदेव सब कुछ छोड़कर मुंबई से लुधियान लौट गए, क्योंकि उनके पिता अंधे थे, जिससे परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके युवा कंधों पर आ गई। पिता की मृत्यु के बाद जयदेव ने अपनी बहन वेद कुमारी की देखभाल की जिम्मेदारी ली और बाद में उनकी शादी सतपाल वर्मा से करवा दी। इसके बाद 1943 में वह संगीत के उस्ताद अली अकबर खान से शिक्षा लेने के लिए लखनऊ चले गए।

### देवानंद की फिल्मों में संगीत से फूंकी जान

जयदेव ने दिग्गज अभिनेता देवानंद की कई फिल्मों में अपनी धुनों का जादू बिखेरा है। उन्होंने 'अल्लाह तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम, 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, 'अभी ना जाओ छोड़कर, 'कभी खुद पे कभी हालात पे रोना आया'जैसे सुपरहिट नगमों में धुन दी है। 1950 के दशक में, नवकेतन की हर फिल्म में एसडी बर्मन का संगीत होता था और जयदेव ने उनमें से ज्यादातर में एसडी बर्मन को असिस्ट किया था। ये फिल्में थीं 'टैक्सी ड्राइवर'(1954), 'हाउस नंबर 44' (1955), 'नौ दो ग्यारह'(1957), 'काला पानी'(1958) और 'काला बाजार'(1960)। नवकेतन की इन सभी फिल्मों में देवानंद ने अभिनय किया है।

### *जीते तीन राष्ट्रीय पुरस्कार*

*जयदेव वह पहले म्यूजिक डायरेक्टर थे, जिन्होंने तीन राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। उन्हें साल 1985 की फिल्म 'अनकही, साल 1979 की 'गमन' और 1972 की 'रेशमा और शेरा' के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले हैं।*

### *जिंदगी भर रहें अविवाहित*

*जयदेव ने कभी शादी नहीं की, वह अविवाहित ही रहे। अपनी बहन के परिवार के करीब रहे, जो बाद में यूनाइटेड किंगडम में बस गए। संगीत की दुनिया में अतुलनीय योगदान देने वाले जयदेव ने 6 जनवरी 1987 को 68 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।*

# छोटे भाई ने बड़े भाई की गला घोंटकर की हत्या, हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

पुलिस अनुविभाग कुरुद के ग्राम खिसोरा में बीते 28 दिसम्बर को हुई एक युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। बड़े भाई की हत्या के आरोप में छोटे भाई को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ रागिनी मिश्रा ने बताया कि मृतक का बड़ा भाई शादी की बात को लेकर नाराज था। दोनों भाईयों के बीच में हुई लड़ाई के दौरान आक्रोश में आकर आरोपी (छोटे भाई) ने बड़े भाई की कपड़े से गला दबाकर हत्या कर दी।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 28 दिसम्बर की प्रातः 7 बजे ग्राम खिसोरा बजरंग पाठ मैदान बबूल पेड़ के नीचे सनत विश्वकर्मा की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी अनुराग विश्वकर्मा पिता यशपाल विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष खिसोरा में दीपा साहू के मठ मैदान के पास घूम रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।




### पुलिस खुलासा में सामने आई बात गले नहीं उतर रही

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घटना दिनांक 27 दिसंबर 24 को घर में शादी की बात को लेकर वाद-विवाद कर मृतक घर से निकल गया था। जिसे मनाने के लिए गया था कि चलो भाई वह लड़की अच्छी नहीं है। उस लड़की से शादी नहीं करेंगे और अच्छी लड़की देखेंगे बोलने पर मृतक अपने भाई को तुम उसे अच्छी नहीं है बोलते हो कहकर आक्रोश में आकर आरोपी का गला दबा दिया था। मृतक काफी शराब के नशे में था। जिस पर आरोपी ने अपने हाथ में पहने चूड़ा से मृतक के चेहरे पर 2-3 बार वार किया। इससे मृतक जमीन पर गिर गया। फिर आरोपी ने मृतक के बैग में रखे मटमैले रंग की शर्ट को निकालकर मृतक के गले में कसकर दोनों तरफ से खींच दिया, जिससे मृतक की मृत्यु हो गई।

# तालाब में मिली युवक की लाश

**राजनांदगांव।** ग्राम पटपर निवासी युवक मंडई घूम रहा था। इसके बाद उसका पता नहीं चला। कल तालाब में उसे मृत अवस्था में देखा गया। जिससे गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

■ ग्राम पटपर की घटना

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटपर में 2 जनवरी से गायब 22 वर्षीय युवक उमेश कुमार पिता किशोर 22 वर्ष की लाश रविवार सुबह तालाब किनारे मिली। तालाब में लाश मिलने से गांव में सनसनी फैला गई है। सूचना के बाद पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा के बाद जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 जनवरी को पटपर में मंडई-मेला का आयोजन रखा गया था। उसी दिन से ही युवक गायब था। परिजन ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद परिजन एवं पुलिस तलाश में जुटे थे। 5 जनवरी को सुबह तालाब में युवक की लाश तैरते मिली। मृतक युवक के पिता शिक्षक हैं। मंडई-मेले के दिन युवक के गायब होने के बाद तालाब में लाश मिलने से मामले में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। परिजन का कहना है कि मंडई के दिन गांव में किसी तरह किसी के साथ कोई विवाद नहीं हुआ था।

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN

Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400..
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites item rate tender for following works:

**NIT No: 71/CHIPS-INT/EEC-IV /NRANVP/2024-25,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 30/12/2024**

**Name of Work: "Modification of Interior works and Supply & Installation of furniture for CHIPS office in 11th floor of Tower-C of Commercial Complex, CBD, Sector-21, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)".**

Estimated cost: **INR 4.77 Crs,** EMD: **INR 5,77,000/-** Period of Completion: **06 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 27.01.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

वहीं आलू की कीमतों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं मांसाहारी थाली को देखें तो ब्रॉयलर की कीमतों में 20 फीसदी का इजाफा देखने को मिला। अगर बात महीने दर महीने की करें तो वेज थाली की कीमतों में नवंबर के मुकाबले में 3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। जबकि नॉन वेज थाली की कीमतों में 3 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है।

### सब्जियों की कीमतों में तेजी के कारण शाकाहारी थाली महंगी रही

#### वेज और नॉन वेज थाली हुई महंगी

*क्रिसिल लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार सब्जियों की कीमतों में तेजी के कारण घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत दिसंबर में सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 31.60 रुपए हो गई, जो एक साल पहले 29.70 रुपए थी। आलू और टमाटर जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों की कीमत में तेज वृद्धि-जो शाकाहारी थाली की लागत का 24 फीसदी है-ने इस वृद्धि को बढ़ावा दिया। इस बीच, मांसाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल 12 फीसदी का इजाफा देखने को मिला और ये बढ़कर 63.30 रुपए हो गई, जो एक साल पहले 56.40 रुपए थी।*



#### तेल की कीमतें 16 फीसदी बढ़ी

*वहीं उच्च आयात शुल्क और त्योहारी और शादी के मौसम के दौरान बढ़ी मौसमी मांग के कारण वनस्पति तेल की कीमतें भी साल-दर-साल 16 फीसदी बढ़ीं। मांसाहारी थाली की लागत में वृद्धि ब्रॉयलर चिकन की कीमत में साल-दर-साल अनुमानित 20 फीसदी की वृद्धि के कारण हुई, जो कुल लागत का 50 फीसदी है। क्रिसिल ने कहा कि ब्रॉयलर की कीमतों में तेज उछाल पिछले साल के लोअर बेस के कारण है, जब उत्पादन अधिक था।*

#### आलू की कीमतों में 50 फीसदी उछाल

दिसंबर में टमाटर की कीमतें साल-दर-साल 24 फीसदी बढ़कर 38 रुपए से 47 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि आलू की कीमतें 50 फीसदी बढ़कर 36 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि एक साल पहले यह 24 रुपए थी। आलू की कीमतों में भारी वृद्धि का कारण पंजाब, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख राज्यों में लेट ब्लाइट वायरस के कारण खराब पैदावार के कारण उत्पादन में अनुमानित 6 फीसदी की गिरावट है। हालांकि, शाकाहारी भोजन के लिए मासिक आधार पर कुछ राहत देखने को मिली। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से ताजा सप्लाई आने के कारण टमाटर की कीमतों में 12 फीसदी की गिरावट के कारण शाकाहारी थाली की कीमत दिसंबर में 3 फीसदी गिरकर 31.60 रुपए देखने को मिली, जो नवंबर में 32.70 रुपए थी।

### निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक नीचे आया

# तिमाही नतीजों, एचएमपीवी वायरस की चिंता में सेंसेक्स ने लगाया 1,258 अंक का गोता

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,258 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक के नीचे आ गया।

कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों को लेकर चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा। इसके अलावा नये एचएमपी वायरस को लेकर चिंता, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी कारोबारी धारणा पर असर पड़ा।

- एफआईआई की पूंजी निकासी से चौतरफा बाजार में नुकसान

#### सेंसेक्स 78,000 अंक से नीचे पहुंचा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,258.12 अंक का गोता लगाकर 78,000 अंक के नीचे 77,964.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,441.49 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 388.70 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 अंक पर बंद हुआ।




#### टाटा स्टील व एनटीपीसी रहे नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल दो शेयर टाइटन और सन फार्मा लाभ में रहे।

#### एचएमपीवी वायरस को लेकर बढ़ी चिंता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में नई आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता के बीच उभरते बाजारों में गिरावट आई है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती और अन्य कारणों ने मिलकर बाजार धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बाजार में तेज गिरावट का प्राथमिक कारण ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंता है।

#### एफआईआई ने 4227 करोड़ के शेयर बेचे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के दो मामलों की पुष्टि की है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,227.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे।

#### निफ्टी व बैंक निफ्टी डीएमए से नीचे आए

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार गिरावट आई। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों अपने 200 'डे मूविंग एवरेज' (डीएमए) से नीचे आ गए। बिकवाली का कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर चिंता है।''

#### बीएसई के सभी सूचकांक नुकसान में रहे

मीणा ने कहा, ''इसके अलावा, नये एचएमपी वायरस ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया। इससे हाल की कुछ तेजी के बाद नये सिरे से बिकवाली हुई।'' छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.17 प्रतिशत टूटा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 2.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बिजली, सेवा, धातु, ऊर्जा समेत बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे।

# नवंबर में आरबीआई ने आठ टन सोना खरीदा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में सामूहिक रूप से 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का भी आठ टन सोना शामिल था। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

- स्वर्ण भंडार 876 टन पर पहुंचा : रिपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में अधिकांश उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में एक स्थिर एवं सुरक्षित संपत्ति की जरूरत को देखते हुए सोने के खरीदार बने रहे। डब्ल्यूजीसी ने नवंबर माह की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि साल 2024 के अंतिम चरण में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की मांग में अग्रणी भूमिका जारी रखी। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने सामूहिक रूप से अपनी स्वर्ण हिस्सेदारी 53 टन बढ़ाई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक ने साल 2024 में सोना खरीदने का सिलसिला नवंबर माह में भी जारी रखा और इस महीने उसने अपने भंडार में आठ टन और सोना जोड़ा। इसके साथ ही वर्ष 2024 में आरबीआई के खरीदे गए कुल सोने की मात्रा बढ़कर 73 टन हो गई जबकि उसका कुल स्वर्ण भंडार 876 टन हो गया। आरबीआई सोना खरीद के मामले में 2024 में पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी के बाद दूसरे स्थान पर है। नेशनल बैंक ऑफ पोलैंड (एनबीपी) ने नवंबर में कुल 21 टन सोना खरीदा जिसकी इस साल कुल खरीद बढ़कर 90 टन हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने छह महीने के अंतराल के बाद सोने की खरीद दोबारा शुरू कर दी है।




#### सिंगापुर सोना बेचने में सबसे आगे

*इस बीच, सिंगापुर का मौद्रिक प्राधिकरण नवंबर में सोना बेचने के मामले में सबसे आगे रहा। उसने इस माह पांच टन सोना बेचा जिससे उसका कुल स्वर्ण भंडार घटकर 223 टन रह गया।*

# सोना 700 रुपए टूटा चांदी 300 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 700 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोने की कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना टूटकर 79,700 रुपए प्रति दस ग्राम

हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में सफेद धातु 90,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव के मुकाबले 700 रुपये गिरकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। सोमवार को खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से उपभोक्ताओं की मांग के बाद चांदी और चांदी की कलाकृतियों के लिए अनिवार्य हॉलमार्किंग लागू करने पर विचार करने को कहा। मंत्री ने कहा कि इस दिशा में काम पहले ही शुरू हो चुका है।




#### विदेशी बाजार में सोना बढ़ा

*विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 0.18 प्रतिशत बढ़कर 2,659.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, पिछले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन फिर भी इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ।*

# जूट बोरियों की लागत पूंजी पर मिलों को मिलेगा रिटर्न

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

### खाद्यान्न पैकेजिंग वाली जूट बोरियों पर 8.19 फीसदी प्रतिफल मिलेगा

कपड़ा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत नए मूल्य निर्धारण ढांचे के तहत भारतीय जूट मिलों को खाद्यान्न पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली जूट बोरियों की लागत पूंजी पर 8.19 प्रतिशत रिटर्न (प्रतिफल) मिलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि जूट मिलों को उत्पादन लागत मूल्य में उतार-चढ़ाव की परवाह किए बगैर निवेश की गई पूंजी पर लाभ का पूर्व-निर्धारित प्रतिशत हासिल होगा। जूट बोरी के लिए नया मूल्य निर्धारण फॉर्मूला सितंबर, 2016 की तारीख से पूर्व-व्यापी प्रभाव से लागू होगा। जूट आयुक्त मलय चंदन चक्रवर्ती ने कहा, ''मूल्य निर्धारण प्रणाली के सभी पहलुओं को देखते हुए जूट मिलों को बोरियों में मौजूदा मूल्य संशोधन से कुल लाभ पर छह-आठ प्रतिशत असर पड़ने का अनुमान है।'' चक्रवर्ती ने कहा, ''नए ढांचे के तहत पूंजी पर रिटर्न 8.19 प्रतिशत के संशोधित मानदंड में स्थानांतरित हो गया है। इसके अलावा रिटर्न नीति में किए गए बदलाव भी मिलों के पक्ष में हैं।''

- कुल लाभ छह से आठ प्रतिशत पड़ने का अनुमान



जूट आयुक्त कार्यालय का अनुमान है कि शुल्क आयोग की सिफारिशों के बाद नई मूल्य निर्धारण नीति में किए गए विभिन्न संशोधनों को ध्यान में रखें तो मूल्य निर्धारण लाभ छह से आठ प्रतिशत के बीच होगा। हालांकि, भारतीय जूट मिल संघ के मुताबिक, नए मूल्य निर्धारण फॉर्मूले के चलते जूट बोरी आपूर्ति की कीमत में केवल चार-पांच प्रतिशत की ही वृद्धि होगी।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पहुंची उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में चार महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गई, जिसे मजबूत मांग की स्थिति तथा मुद्रास्फीति के दबाव में कमी के बीच नए ऑर्डर से समर्थन मिला। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

- दिसंबर में चार महीने के बीच बढ़कर 59 .3 हो गई

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक नवंबर के 58.4 से बढ़कर दिसंबर में 59.3 हो गया। यह चार महीनों में विस्तार की सबसे मजबूत दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण के अनुसार, मांग में तेजी के कारण नए ऑर्डर बढ़े जिससे उत्पादन वृद्धि को समर्थन मिला और कंपनियों को अतिरिक्त श्रमिकों की भर्ती करने के लिए प्रेरित किया गया।



#### सेवा कंपनियों में नए ऑर्डर बढ़े

एचएसबीसी इंडिया सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक नवंबर के 58.6 से दिसंबर में 59.2 पर आ गया जो चार महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि का संकेत देता है। सेवा कंपनियों में नए ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि ने माल उत्पादकों में आंशिक सुस्ती की भरपाई कर दी। इसके परिणामस्वरूप, कुल बिक्री में मजबूत दर से वृद्धि हुई।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत की सेवा कंपनियों ने दिसंबर में मजबूत भरोसा दिखाया क्योंकि व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर तथा भविष्य की गतिविधियों से संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में भी इसका मजबूत प्रदर्शन जारी रहने की संभावना है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अमेरिका ने दूसरी बार जीता यूनाइटेड कप

**सिडनी।** कोको गाफ ने यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के पहले मैच में दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को 6-4, 6-4 से हरा दिया और अमेरिका ने पोलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल जीता। टेलर फ्रिट्ज ने दूसरे मैच में हुबर्ट हुरकाज को 6-4, 5-7, 7-6 से मात दी। बीस वर्ष की गाफ ने यूनाइटेड कप में सारे एकल मैच सीधे सेटों में जीते जिससे 12 जनवरी से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की उनकी तैयारी पुख्ता हुई है। पोलैंड पिछले साल फाइनल में जर्मनी से हार गया था।

### एशियन चैंपियन बहादुर बनेंगे एएफआई प्रमुख

**चंडीगढ़।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुट खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की



आमसभा की सालाना बैठक में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना तय है जो लंबे समय से इस पद पर बने आदिले सुमरिवाला की जगह लेंगे। 51 वर्ष के सागू ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2000 और 2004 ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया। वह एथलीट आयोग प्रतिनिधि के तौर पर निवर्तमान कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। वह सीनियर चयन समिति के भी सदस्य हैं।

### सुपरस्टार कल्चर से आगे नहीं बढ़ पा रही टीम

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने बीसीसीआई से टीम में 'सुपरस्टार क्लचर' खत्म



करने का अनुरोध किया है। एक दशक में पहली बार भारतीय टीम की आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद हरभजन ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'टीम में सुपरस्टार कल्चर बन गया है। हमें सुपरस्टार नहीं चाहिए, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चाहिए। टीम में अच्छे परफॉर्मर होंगे तो ही टीम आगे बढ़ेगी। जो भी सुपरस्टार बनना चाहता है, वह घर में रहकर वहीं क्रिकेट खेले।'

### शानदार पदार्पण के बाद निशब्द हैं वेबस्टर

**सिडनी।** भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में शानदार पदार्पण के बाद आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ब्यू वेबस्टर



के पास अपनी खुशी बयां करने के लिए अल्फाज नहीं हैं। आस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतकर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी एक दशक बाद अपने नाम की। वेबस्टर ने सिडनी टेस्ट में दो पारियों में 57 और नाबाद 37 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने भारत की दूसरी पारी में शुभमन गिल का विकेट भी लिया। वेबस्टर ने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं हैं। आपने एक सप्ताह पहले मुझे बताया होता कि ऐसा कुछ होगा तो मैं यकीन नहीं करता।'

# भारतीय टेस्ट टीम का भविष्य : बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक गेंदबाजी की स्थिति

**भारतीय कप्तान रोहित और दिग्गज कोहली का भविष्य अधर में लटका**

एजेंसी ▶▶| सिडनी

बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में आसानी से घुटने टेकने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सवालों के घेरे में है लेकिन वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची देखे तो यह पता चलता है कि टीम के भविष्य के लिए बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी को लेकर है। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली का टेस्ट भविष्य अधर में लटक गया है। राष्ट्रीय चयन समिति के पास इन दोनों की जगह लेने के लिए कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है।

बात जब गेंदबाजी की आती है और खासकर तेज गेंदबाजी की तो बदलाव के दौर से गुजर रही टीम की स्थिति ज्यादा उत्साहजनक नहीं दिख रही है। टीम को जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा जैसी गेंदबाजों को तैयार करने में काफी समय लग सकता है। मौजूदा गेंदबाज अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे है लेकिन उनका प्रदर्शन कही से भी इन तीनों नामों के करीब नहीं है।



### मैच का रुख बदलने वाले गेंदबाज टीम में नहीं

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह को दूसरे छोर से साथ नहीं मिला जिससे उनका कार्यभार काफी बढ़ गया।वह पीठ में चोट होने के कारण टीम के लिए निर्णायक पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। मोहम्मद सिराज 36 टेस्ट खेलने के बाद भी मैच का रुख बदलने वाले गेंदबाज नहीं बन पाए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के पास अच्छी गति है लेकिन वह लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफल रहते हैं। आकाश दीप और मुकेश कुमार के पास कौशल है लेकिन खेल के शीर्ष स्तर पर खुद को साबित करने का उन्हें अभी पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं।

### रणजी सर्किट में भी विकल्प की कमी

रणजी सर्किट में भी देखे तो चयनकर्ताओं के पास इस मामले में अच्छे विकल्प की कमी है। सबसे बड़ी समस्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की है। अर्शदीप सिंह सीमित ओवरों में खुद को साबित कर चुके हैं लेकिन लाल गेंद से उतने प्रभावी नहीं रहे हैं। यश दयाल और खलील अहमद भी विश्वास हासिल करने वाला प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

### सलामी जोड़ी के लिए छह दावेदार







1. प्रमुख दावेदार तमिलनाडु के बी साई सुदर्शन हो सकते हैं। बाएं हाथ के इस कलात्मक बल्लेबाज ने मैके में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते हुए प्रभावित किया था। वह हालांकि स्पोर्ट्स हर्निया के ऑपरेशन के कारण रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।
2. टीम में बाएं हाथ के एक और विकल्प देवदत्त पडिक्कल है। पडिक्कल को कुछ टेस्ट मैच खेलने का भी अनुभव है। अभिमन्यु ईश्वरन तीन साल से टीम में हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में यह धारणा है कि वह सेना देशों में बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार नहीं हैं।
3. सरफराज खान की तेज गेंदबाजों के खिलाफ कमजोरी जगजाहिर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट में पुणे और मुंबई में जिस तरह से वह आउट हुए, उसने मौजूदा टीम प्रबंधन की चिंताओं को बढ़ा दिया।

4-6. श्रेयस अय्यर की समस्या शॉर्ट गेंद रही है, जबकि पाटीदार ने पिछले साल घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे। गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के दो मैचों में असफल रहे लेकिन उनकी प्रतिभा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

### प्रभावशाली प्रदर्शन पर नजर

समझा जाता है कि चयन समिति रनों या विकेटों की संख्या पर ही ध्यान देने की जगह प्रभावशाली प्रदर्शन पर भी ध्यान देगी। लाहली की घास वाली पिच पर पर शतक या राजकोट की सपाट पिच पर पांच विकेट लेने वाला प्रदर्शन अनुकूल परिस्थितियों में प्रदर्शन से अधिक महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्रीय टेस्ट टीम पर कोई भी फैसला हालांकि फरवरी में घरेलू सत्र के खत्म होने या जून में इंग्लैंड दौरे से पहले होगा। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट जून में इंग्लैंड में खेलना है।

### बुमराह के गेंदबाजी नहीं करने से खुश थे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा और ट्रैविस हेड ने स्वीकार किया कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर जसप्रीत बुमराह के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी नहीं करने के कारण उनकी टीम





आसानी से जीत दर्ज करने में सफल रही। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए। पूरी श्रृंखला में बुमराह का प्रभाव इस तरह से था कि जब यह पता चला कि यह तेज गेंदबाज चोटिल होने के कारण गेंदबाजी नहीं कर पाएगा तो ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने राहत की सांस ली। ख्वाजा ने कहा, 'बुमराह मुझ पर हावी था। उसका सामना करना आसान नहीं था और मुझे हर बार नई गेंद से उसका सामना करना पड़ रहा था। जैसे ही हमने देखा कि वह मैदान पर नहीं उतर रहा है तो हमने सोचा कि यह हमारे लिए मौका है।' मध्यक्रम के बल्लेबाज हेड ने भी आधिकारिक प्रसारक के साथ बात करते हुए ख्वाजा का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि बुमराह के गेंदबाजी नहीं करने से हमारे ड्रेसिंग रूम में मौजूद 15 खिलाड़ी बेहद खुश थे। वह बेहतरीन गेंदबाज है। इस दौरे में उसने असाधारण प्रदर्शन किया।'

## 6 वर्षीय रेयांश का नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज

एजेंसी ▶▶| ठाणे

ठाणे के छह वर्षीय रेयांश खामकर ने समुद्र में 15 किलोमीटर की दूरी पूरी करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में पूरी की। उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिली है। रेयांश स्टारफिश स्पोर्ट्स फाउंडेशन में कोच कैलाश अखाड़े से कोचिंग लेते हैं। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही यह



उपलब्धि हासिल की। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ए. आशीष शेलार, ठाणे जिला एमेच्योर तैराकी संघ के अध्यक्ष निरंजन डावखरे और महाराष्ट्र राज्य एमेच्योर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष राजेश मोरे ने इस युवा तैराक को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए सफलता की कामना की।

### रिषि ने घरेलू सीमित ओवरों के क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला रिषि धवन ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप चरण के मैचों के बाद घरेलू सीमित ओवरों के टूर्नामेंटों से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए 2016 में एक टी20 और तीन वनडे खेलने वाले धवन ने हिमाचल प्रदेश के नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाने के बाद यह फैसला लिया। चौतीस वर्ष के धवन 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के बाकी सत्र में खेलेंगे। धवन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'भारी मन से मैं भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवरों के) से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं हालांकि मुझे कोई पछतावा नहीं है। पिछले दो साल से यह खेल मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहा है और इसने मुझे बेशुमार खुशियां और अनगिनत यादें दी हैं।' हिमाचल को 2021-22 में हजारे ट्रॉफी जिताने वाले धवन इस साल सात मैचों में 196 रन ही बना सके। उन्होंने सात मैचों में आठ विकेट लिए। उन्होंने 134 लिस्ट ए मैचों में 2906 रन बनाए और 186 विकेट लिए। इसके अलावा 135 टी20 मैचों में 1740 रन बनाए और 118 विकेट लिए।



## सबालेंका ने जीता ब्रिसबेन इंटरनेशनल का खिताब, लेहका पुरुष एकल चैंपियन

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विश्व नंबर एक और शीर्ष वरीय बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने वर्ष 2025 की शुरुआत खिताबी जीत के साथ की है। सबालेंका ने रूस की पोलीना कुदरमेतोवा को तीन सेटों के संघर्ष में 4-6, 6-3, 6-2 से हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है।

सबालेंका की कोशिश अब 12 जनवरी से शुरू हो रहे लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के खिताब को जीतने की होगी। लगातार दो बार की विजेता सबालेंका अगर ऐसा कर पाती हैं तो स्विटजरलैंड की मार्टिन हिंगिस के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी



होंगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक लगातार तीन बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था। ब्रिसबेन में बीते वर्ष सबालेंका को फाइनल में कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना के हाथों हार मिली थी।

### लेहका ने जीता पुरुष एकल का खिताब



चेक गणराज्य के जीरी लेहका ने पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में जब वह 4-1 की बढ़त पर थे। उस दौरान अमेरिकी रीली ओपेल्का ने कलाई में चोट के चलते मुकाबला छोड़ दिया। छह फुट 11 इंच लंबे ओपेल्का ने क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को हराकर उलटफेर किया था और सेमीफाइनल में पेरीकार्ड को हराने के दौरान उनकी कलाई में समस्या आई। ओपेल्का का 2022 में कूल्हे का आपरेशन हुआ था और उन्होंने हाल ही में टेनिस कोर्ट पर वापसी की है। लेहका को सेमीफाइनल में दूसरी वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव के हाथों वॉक ओवर मिला था, जब वह 6-4, 4-4 की बढ़त पर थे।

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल से खेला ड्रॉ

**लिवरपूल।** अमाद डियालो ने आखिरी मिनटों में बराबरी का गोल दागकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के खिलाफ मैनचेस्टर यूनाइटेड का मैच 2-2 से ड्रॉ कराया। अमाद ने 80वें मिनट में अलेजांद्रो गारनाशो के क्रॉस पर बराबरी का गोल दागा। इससे पहले मोहम्मद सालाह ने पेनल्टी पर गोल करके लिवरपूल को बढ़त दिलाई थी। युनाइटेड के लिए पहला गोल लियांड्रो मार्टिनेज ने 52वें मिनट में किया लेकिन कोडी गाकपो ने सात मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। सालाह ने 70वें मिनट में लिवरपूल को फिर बढ़त दिलाई थी।



### अफगानिस्तान ने जीती टेस्ट श्रृंखला

**बुलावायो।** अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान ने अपने कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 66 रन देकर सात विकेट लिए। इससे अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में जिंबॉब्वे को 72 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती।



अफगानिस्तान को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल दो विकेट की दरकार थी। उसने 13 मिनट और 15 गेंद के अंदर दोनों विकेट हासिल करके जिंबॉब्वे को कल के स्कोर 205 रन पर आउट कर दिया। अफगानिस्तान ने अपनी पहली पारी में 157 रन बनाए थे। जिंबॉब्वे ने इसके जवाब में 243 रन बनाकर 86 रन की बढ़त हासिल की थी। अफगानिस्तान ने रहमत शाह (139) और इस्मत आलम (101) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 363 रन बनाकर जिंबॉब्वे के सामने 278 रन का लक्ष्य रखा था।

## दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली की तलाश में आईसीसी भारत-ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के साथ आईसीसी तीन बड़े देशों के बीच और श्रृंखलाएं करवाने के लिए दो स्तरीय टेस्ट व्यवस्था की संभावना पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह इस महीने के आखिर में इस संदर्भ में क्रिकेट आस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड और क्रिकेट इंग्लैंड के प्रमुख रिचर्ड थॉम्पसन से बात करेंगे।

अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में दो स्तरीय व्यवस्था की कोई भी योजना 2027 में मौजूदा भावी दौरा कार्यक्रम खत्म



होने के बाद ही शुरू होगी।' बीसीसीआई इस समय 12 जनवरी को मुंबई में आमसभा की विशेष बैठक की तैयारी में है जिसमें अंतरिम सचिव देवजीत सैकिया पूर्णकालिक पद संभालेंगे। सैकिया को शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद रिक्त हुए पद पर कार्यवाहक सचिव चुना गया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'हमें अभी तक इसकी कोई जानकारी नहीं है। एसजीएम की तैयारी की जा रही है और आस्ट्रेलिया के हाल ही में खत्म हुए दौरे पर भी बात की जाएगी। कुछ साल पहले इस पर बात हुई थी लेकिन तब से कुछ नहीं सुना।'

### ओडिशा सरकार बनी भारतीय खो-खो टीम की प्रायोजक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय खो-खो टीम के साथ तीन साल के प्रायोजन की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्य जनवरी 2025 से दिसंबर 2027 तक सालाना पांच करोड़ रुपए का निवेश करेगा। ओडिशा खनन निगम के माध्यम से वित्त पोषण प्रदान किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के साथ सफल प्रायोजन के बाद खो-खो के लिए 15 करोड़ रुपए का प्रायोजन खेल विकास के लिए ओडिशा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल का उद्देश्य खो-खो की स्थिति को ऊपर उठाना और राष्ट्रीय टीम को आवश्यक सहायता प्रदान करना है।

## सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में पदक के दावेदार

**कुआलालंपुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष जोड़ी के साथ लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के पहले टूर्नामेंट मलेशिया सुपर 1000 में यादगार प्रदर्शन के साथ साल का आगाज करना चाहेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी 1.45 मिलियन डॉलर (लगभग 12.44 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। मलेशिया के कोच किम तान



हर का फिर से साथ मिलने के बाद भारतीय जोड़ी चीनी ताइपे की मिंग चे लू और तांग की वेई की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। पुरुष एकल में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 विजेता और पिछले महीने किंग कप इंटरनेशनल में तीसरे स्थान पर रहने वाले लक्ष्य अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाना चाहेंगे। प्रणय पेरिस ओलंपिक में प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने के अंतराल के बाद खेल में वापसी कर रहे हैं।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **23/01/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स ए के इंटरप्राइजेस** प्रोप: मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान, (1) मो. परवेज आलम पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान (2) मो. यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल कादिर खान सभी का पताः प.ह.नं 14, खसरा नं. 6561 (भाग), वार्ड नंबर 07, कृपाल नगर, कोखा, भिलाई, छ.ग.-490023 | **संपत्ति 1- श्री मोहम्मद परवेज आलम के नाम पर आवासीय भूमि और भवन का समस्त भू भाग स्थित खसरा नंबर 6561, प.ह. नंबर 14, कृपाल नगर (भाग), वार्ड नंबर 09, कृपाल नगर, कोहका, भिलाई छ.ग.-490023, क्षेत्रफल 2550 वर्गफीट डीड के अनुसार** चर्तुसीमाएंः पूर्वः सड़क, पश्चिमः नेल्सन टोप्पो का प्लॉट, उत्तरः सड़क, दक्षिणः बी. एन. प्रसाद की संपत्ति **सांकेतिक कब्जा** | 13/09/2023 / 28/11/2023 / दि. 02/01/2025 को ₹ 3,03,63,224.72/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 90.80 लाख / ₹ 9.08 लाख / ₹ 10000/- |
| | **संपत्ति 2- श्री मोहम्मद यूसुफ खान के नाम पर आवासीय भूमि और भवन का समस्त भू भाग स्थित प.ह.नं. 14, खसरा नंबर 7357/5 (भाग), वार्ड नंबर 14, फरीद नगर, मुरुम खदान रोड, भिलाई, छ.ग. क्षेत्रफल- 2508 वर्गफिट डीड के अनुसार** चर्तुसीमाएंः पूर्व : अब्दुल कादिर की भूमि, पश्चिम : परवेज आलम की भूमि, उत्तर : सड़क, दक्षिण : सड़क **सांकेतिक कब्जा** | | ₹ 57.44 लाख / ₹ 5.75 लाख / ₹ 10000/- |
| ऋणी-**मेसर्स भिलाई ब्रिक्स** प्रोपराइटर-शांति पांडे ग्राम-धौर पी.सी. नं. 24, तह. पाटन, जिला-दुर्ग-490020 **श्रीमती शांति पांडे पत्नि** स्व. श्री श्यामचरन पांडे **श्री अजय कुमार पांडे** पुत्र स्व. श्री श्याम चरन पांडे **श्री सचिन कुमार पांडे** पुत्र स्व. श्री श्याम चरन पांडे **श्रीमती पूजा पांडे** पुत्री स्व. श्री श्याम चरन पांडे | **प्लांट एवं मशीनरी स्थित प.ह.नं. 11, खसरा नं. 782/2, ग्राम- धौर, तह. पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)** **भौतिक कब्जा** | 27-04-2021 / 23-08-2021 / दि. 02/01/2025 को ₹ 16,43,540.83/- +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1.50 लाख / ₹ 0.15 लाख / ₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 22/01/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 23/01/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) देखें अथवा सम्पर्क करें श्री रंजन कुमार पाणी, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8989014648, 9140476074, 7905027805, 8073562754)
स्थान : भोपाल दिनांक : 02-01-2025 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक







## हरमनप्रीत-रेणुका को मिला आराम, मंधाना को कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिए जाने के बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को भी विश्राम देने की घोषणा की। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की यह श्रृंखला 10 जनवरी से शुरू होगी। इसके सभी मैच राजकोट में खेले जाएंगे। हरमनप्रीत को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। वह इस चोट के कारण शुरुआती दो टी20



अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सकी थी। उन्होंने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में टीम में वापसी की और इसके बाद तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में टीम का नेतृत्व किया। टीम की मुख्य तेज गेंदबाज रेणुका वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में 10 विकेट लेकर श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थी। अतीत में वह पीठ की स्ट्रेस फ्रैक्चर से परेशान रही है। ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला से विश्राम दिया गया है।



# दुनिया का सबसे लंबा ट्रैफिक जाम! जब 12 दिनों तक सफर रुका

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

दुनिया का सबसे लंबा ट्रैफिक जाम चीन के बीजिंग-तिब्बत हाईवे पर हुआ था। यह हाईवे चीन की राजधानी बीजिंग को तिब्बत से जोड़ता है। 2010 में इस हाईवे पर अचानक बढ़े ट्रक और गाड़ियों के दबाव ने इस समस्या को जन्म दिया। दरअसल, हाईवे पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था, जिससे सड़कें संकरी हो गईं और ट्रैफिक का प्रबंधन बिगड़ गया। इस ट्रैफिक जाम में हजारों गाड़ियां फंस गई थीं. बड़ी संख्या में यात्री, ट्रक ड्राइवर और रोजाना सफर करने वाले लोग इस परेशानी का सामना कर रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान 10,000 से ज्यादा वाहन फंसे थे।

### ऊंचे दामों पर बेचा जरूरत का सामान

12 दिनों तक चले इस ट्रैफिक जाम में लोगों को खाने-पीने और आराम करने के लिए काफी दिक्कतें आईं।सड़क किनारे छोटे दुकानदारों ने इस मौके का फायदा उठाया और जरूरत का सामान ऊंचे दामों पर बेचा। पानी, भोजन और अन्य सामान के लिए यात्रियों को अधिक पैसे खर्च करने पड़े। यह ट्रैफिक जाम न केवल लोगों के लिए परेशानी का कारण बना, बल्कि देश को भी भारी आर्थिक नुकसान हुआ। लाखों लीटर ईंधन बर्बाद हुआ और गाड़ियों से निकलने वाले धुएं ने पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाया।



### हाईवे पर किया अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

जाम के दौरान सड़क किनारे मौजूद स्थानीय व्यापारियों ने खाने-पीने की चीजें, पानी की बोतलें और सिगरेट जैसी चीजों को 3-4 गुना महंगे दामों पर बेचा। फंसे हुए लोगों ने मजबूरी में इन चीजों को खरीदा। चीन सरकार ने इस जाम को खत्म करने के लिए हाईवे पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया और वाहनों को डायवर्ट किया गया। धीरे-धीरे, 12 दिनों बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

# हवाई जहाज में कौन सी होती है सबसे सुरक्षित सीट? कहां बैठने पर हादसे में बच सकती है जान

*वॉशिंगटन। दुनिया में अक्सर विमान हादसे की खबरें आती रहती हैं। हाल के दिनों में कई विमान हादसे देखने को मिले हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। कुछ दिनों पहले ही दक्षिण कोरिया में एक भयानक विमान हादसा हुआ है। इस हादसे में 179 लोगों की मौत हो गई। आज हम आपको इस खबर में यह बताएंगे कि विमान की कौन सी सीट अधिक सुरक्षित होती है, जिस बैठने से हादसे के दौरान बचने की संभावना बढ़ जाती है। हम यह एक शोध के आधार बताएंगे। बेहद कम लोगों को इस बारे में जानकारी होगी।*

### 2024 में हुए आठ बड़े विमान हादसे

साल 2024 में आठ विमान हादसे का शिकार हुए हैं। इनमें करीब 402 लोगों की जान चली गई। अधिकतर हादसे खराब मौसम या विमान के इंजन में खराबी की वजह से हुए है। ऐसे ही एक हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी समेत कई नेताओं की जान चली गई। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लोग जहाज की सीटें बुक करते समय इस बात का ध्यान देते हैं कि विमान से उतरने या चढ़ने में कितनी आसानी होगी। लोग यह नहीं सोचते कि कौन सी सीट सुरक्षित है। कई शोध में यह दावा किया गया है कि विमान की कुछ सीटें दूसरी से अधिक सुरक्षित होती हैं। उसी सीट पर बैठने से विमान हादसे के दौरान जान बचने की संभावना अधिक रहती है।





### विमान का ये हिस्सा है अधिक सुरक्षित

अमेरिका के नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने 20 विमान हादसों की जांच की। इसमें बोर्ड ने देखा कि प्लेन की पिछली सीटों पर बैठे लोगों की जान बचने की संभावना 69 फीसदी तक थे। विमान में अगली सीटों पर बैठने वालों की बचने की संभावना सिर्फ 49 प्रतिशत होती ही थी। इसके अलावा विंग के पास बैठे लोगों के बचने की उम्मीद 59 फीसदी थी। अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने 1985 से 2000 तक विमान हादसों पर शोध किया। इनमें वह बचने वाले और मरने वालों पर शोध किया। एडमिनिस्ट्रेशन ने शोध में पाया कि विमान का पिछला हिस्सा अधिक सुरक्षित है। वहां पर बैठने से बचने की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा बीच में बैठना भी काफी फायदेमंद रहता है। विमान के पिछले हिस्से में मिडिल सीट पर बैठे थे, उनमें मृत्यु की दर 28 फीसदी थी।

### हादसे पर निर्भर होता है बचना

सबसे कम सुरक्षित केबिन में पहले से तीसरी लाइन की आयल सीट होती है। इसमें मृत्यु दर 44 प्रतिशथ था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीच यानी मिडिल की सीटें अधिक सुरक्षित होती हैं, क्योंकि लोग दोनों तरफ से इंसानों से घिरे होते हैं। इससे चोट लगने की संभावना कम होती है। अब आप समझ गए होंगे कि प्लेन के पिछले हिस्से की मिडल सीटों पर बैठना अधिक सुरक्षित होता है। हालांकि, हादसा कितना बड़ा है इस पर निर्भर करता है कि हादसे में विमान के किस हिस्से को अधिक नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर विमान पहाड़ों में भिड़ता है या फिर अगली टिप सीधे समुद्र में घुस गई तो बचने की संभावना और कम हो जाती है।

# दुनिया की सबसे हल्की मिठाई 'बुढ़िया के बाल'...आखिर ये बनी कैसे?



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

'बुढ़िया के बाल', जिसे 'कॉटन कैंडी' और 'फेयरी फ्लॉस' भी कहा जाता है, 19वीं सदी में दो डेंटिस्ट्स, विलियम मॉरिसन और जॉन सी. व्हार्टन ने बनाया। 'बुढ़िया के बाल' को आमतौर पर लोग भारत में इस नाम से जानते हैं, लेकिन इसका असली नाम 'कॉटन कैंडी' है। इसे अंग्रेज़ी में 'फेयरी फ्लॉस' भी कहा जाता है। इसका नाम इसकी मुलायम और हल्की बनावट के कारण पड़ा, जो बिल्कुल रुई के गुच्छे की तरह दिखती है।

### मेलों में इसे खाना बन गया खास अनुभव

बुढ़िया के बाल को पहली बार 1904 में अमेरिका के मेलों में 'फेयरी फ्लॉस' नाम से पेश किया गया। इसका हल्का और मीठा स्वाद जल्दी ही लोगों के दिलों में बस गया। मेलों में इसे खाना एक खास अनुभव बन गया। बुढ़िया के बाल बचपन की यादों का अहम हिस्सा हैं। जब भी मेले या उत्सव लगते थे, तो बच्चे सबसे पहले इसे खरीदते थे। इसका अनोखा स्वाद और हल्कापन हर किसी को अपने बचपन की सुनहरी यादों में ले जाता है।

### 9वीं सदी में हुई थी इस मिठाई की शुरुआत

इस मिठाई की शुरुआत 19वीं सदी में हुई थी। इसे सबसे पहले 1897 में अमेरिका के दो निवासियों, विलियम मॉरिसन और जॉन सी. व्हार्टन ने मिलकर बनाया। ये दोनों पेशे से डेंटिस्ट थे, लेकिन मीठा बनाने के शौक ने उन्हें इस अनोखी मिठाई की खोज करने के लिए प्रेरित किया।




## घरों में भरा है सामान, आखिर कहां गए लोग?

# भूतहा शहर जहां बने हैं दर्जनों घर पर दूर-दूर तक नहीं है कोई बंदा

एजेंसी ▶▶| रोम

दुनिया में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जो इंसानों के रहने लायक नहीं हैं। अक्सर ऐसी जगहों पर प्राकृतिक आपदाएं आ जाती हैं, जिसकी वजह से वहां पर इंसान की जान पर खतरा बन जाता है और उन्हें वहां से जाना पड़ता है। वक्त के साथ वो जगहें भूतही हो जाती है, क्योंकि दूर-दूर तक वहां पर इंसान का अस्तित्व भी नहीं रहता। इटली में भी ऐसा ही एक शहर है, जिसे भूतहा माना जाता है। सिर्फ इसलिए, क्योंकि इस शहर में दर्जनों घर हैं, उनके अंदर सामान भी भरे हैं, पर दूर-दूर तक वहां कोई बंदा नहीं है। अब सवाल ये उठता है कि आखिर ये सभी लोग वहां से कहां चले गए? हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जिसमें इटली के एक छोटे से शहर के बारे में बताया गया है। इसका नाम है फॉसा। हैरानी की बात है कि इस गांव की आबादी 0 है, क्योंकि यहां पर कोई भी नहीं रहता है। इटली के पहाड़ों में ये शहर बसा हुआ है। कहा जाता है कि ये शहर रातों रात गायब हो गया, क्योंकि यहां से लोग ही चले गए।



### वीडियो हो रहा है वायरल

इस वीडियो को 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि वो यहां पर 1 रात के लिए रहना चाहता है। एक ने कहा कि ये सारी प्रॉपर्टी अब किसकी है? एक ने कहा कि उसे ये घर बहुत सुंदर लगे। एक ने कहा कि इटली में कई ऐसी खाली पड़ी इमारतें हैं जो दिखने में बेहद सुंदर लगती हैं।

### खाली पड़ा है ये शहर

अब सवाल ये उठता है कि आखिर यहां के लोगों को क्या हुआ? अबैंडेंट सेंट्रल वेबसाइट के अनुसार 6 अप्रैल 2009 की रात में करीब साढ़े 3 बजे जब लोग चैन की नींद सो रहे थे, तब अचानक धरती हिली और जोरदार भूकंप से शहर दहल गया। रिक्टेयर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 से ज्यादा थी. घर, इमारतें, सब कुछ तहस-नहस हो गए। वीडियो के अनुसार 300 लोगों की जान इस हादसे में चली गई। जो बच गए वो यहां से चले गए और कई लोगों को तो लौटकर उनके घर नहीं जाने दिया गया। आज के समय में ये घोस्ट टाउन बन गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च इस शहर में हुआ था।

# जिसे फास्ट फूड समझते हैं वो पहले था गरीबों का खाना!

**रोम**। पिज्जा की शुरुआत इटली के नेपल्स शहर में हुई थी। इसे वहां के गरीब लोग बनाते और खाते थे, क्योंकि यह सस्ता और आसानी से बनाया जाने वाला खाना था। 18वीं शताब्दी में पिज्जा ने पहली बार एक भोजन के रूप में लोकप्रियता हासिल की। यह साधारण और स्वादिष्ट होने की वजह से जल्दी ही मशहूर हो गया। शुरुआती समय में पिज्जा सिर्फ रोटी पर सब्जियों को सजाकर बनाया जाता था। इसमें आज के जैसे चीज़



या अन्य टॉपिंग्स नहीं होती थीं। नेपल्स के पिज्जा को उसकी प्रामाणिकता के लिए जाना जाता है। यह पिज्जा आज भी पारंपरिक तरीकों से बनाया जाता है। पिज्जा मार्घेरिटा को इटली की रानी क्वीन मार्घेरिटा के सम्मान में नाम दिया गया। इसे उनके लिए खासतौर पर तैयार किया गया था। मार्घेरिटा पिज्जा पर इस्तेमाल होने वाले तीन रंग - लाल (टमाटर), सफेद (मोज़ेरेला चीज़), और हरा (तुलसी) - इटली के राष्ट्रीय झंडे का प्रतीक माने जाते हैं। नेपल्स के पिज्जा को 2017 में UNESCO ने Intangible Cultural Heritage लिस्ट में शामिल किया। यह पिज्जा बनाने की कला को वैश्विक मान्यता देता है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com